| असम में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है– | **असमिया** | **UPSI 28/11/2021 (Shift-I)** |
| वह बोली जो हिंदी की नहीं है– | **मलयालम** | **UPSI 28/11/2021 (Shift-II)** |
| .................. यह बोली पूर्वी हिन्दी वर्ग की बोली नहीं है– | **बुन्देली** | **UPSI 29/11/2021 (Shift-III)** |
| 'बुन्देली' का क्षेत्र है– | **झाँसी-जालौन-दतिया** | **UPSI 29/11/2021 (Shift-III)** |
| मेवाती बोली है– | **राजस्थानी** | **UPSI 29/11/2021 (Shift-III)** |
| हिन्दुस्तानी भाषा का रूप है– | **हिंदी - उर्दू मिश्रित** | **UPSI 30/11/2021 (Shift-I)**<br>**UPASI 04/12/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 12/11/2021 (Shift-II)** |
| हिंदी की आदि जननी है– | **संस्कृत** | **DSSSB TGT (Female) 05.09.2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 30/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 30/11/2021 (Shift-III)**<br>**ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015** |
| द्रविड़ परिवार की भाषा है– | **कन्नड़** | **UPSI 30/11/2021 (Shift-II)** |
| वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप है– | **खड़ी बोली** | **UPSI 02/12/2021 (Shift-II)** |
| त्रिपुरा राज्य की राजभाषा है– | **बांग्ला** | **UPSI 29/11/2021 (Shift-II)** |
| वह भाषा जो आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है– | **मिजो** | **UP SI 23/11/2021 (Sh-II)**<br>**UP SI 16/11/2021 (Sh-III)**<br>**UPSI 29/11/2021 (Sh-II)**<br>**UPSI 22/11/2021 (Sh-III)**<br>**UPSI 25/11/2021 (Sh-I)** |
| आकार बहुला बोली है– | **कौरवी** | **UPSI 12/11/2021 (Sh-III)** |

| | |
|---|---|
| वह राज्य जिसकी मुख्य राजभाषा हिंदी नहीं है– **असम** | **UPSI 13/11/2021 (Shift-III)** |
| अपभ्रंश में स्वर मौजूद थे– **आठ** | **UPSI 13/11/2021 (Shift-I)** |
| वह भाषा जो भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है– **तुलु** | **UPSI 14/11/2021 (Shift-III)**<br>**UPSI 20/11/2021 (Shift-II)** |
| भारतीय संविधान के अनुसार हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी का प्रयोग ………………. वर्षों तक करने का सुझाव दिया गया था– **15 वर्षो तक** | **UPSI 14/11/2021 (Shift-I)**<br>**Haryana TGT 2020** |
| 'बिहारी' भाषा का नामकरण किया था– **ग्रियर्सन** | **UPSI 15/11/2021 (Shift-II)** |
| राजस्थान की राजभाषा है– **हिंदी** | **UPSI 20/11/2021 (Shift-III)** |
| गोवा की मुख्य राजभाषा है– **कोंकणी** | **UPSI 20/11/2021 (Shift-III)** |
| वह राज्य जहाँ तुलू भाषा ज्यादा बोली जाती है– **कर्नाटक** | **UPSI 20/11/2021 (Shift-I)** |
| गुजरात की राजभाषा है– **गुजराती** | **UPSI 20/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 04/12/2021 (Shift-I)** |
| वह साहित्य जिसका संबंध पालि भाषा से मुख्य रूप से जुड़ा हुआ है– **बौद्ध साहित्य** | **UPSI 21/11/2021 (Shift-II)** |
| वह भाषा जिसको 92वें संविधान अधिनियम, 2003 के तहत संविधान की आठवीं अनुसूची में नहीं शामिल किया गया– **तमिल** | **UPSI 21/11/2021 (Shift-II)** |
| भारतीय संविधान का वह भाग जिसमें राजभाषा का प्रावधान है– **भाग 17** | **UPSI 22/11/2021 (Shift-II)** |
| संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लेखित भाषाओं की संख्या है– **बाईस** | **UPSSSC Lower 30.09.2019 (Shift-II)**<br>**UPSI 22/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 01/12/2021 (Shift-I)**<br>**DSSSB TGT (Female) 04.09.2021 (Shift-II)**<br>**म.प्र. उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा, 2018**<br>**DSSSB TGT (male) 28.08.2018** |
| भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत विभाग आता है– **राजभाषा विभाग** | **UPSI 23/11/2021 (Shift-III)** |
| भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है– **मगही** | **UPSI 23/11/2021 (Shift-III)** |
| भारत के प्रधानमंत्री समिति की अध्यक्षता करते हैं– **केंद्रीय हिंदी समिति** | **UPASI 05/12/2021 (Sh-III)**<br>**UPSI 23/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 23/11/2021 (Shift-III)** |
| भारतीय संविधान के वह अनुच्छेद जिसमें उल्लेख मिलता है कि राजभाषा हिंदी के लिए भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय स्वरूप का प्रयोग किया जाएगा– **343** | **UPSI 23/11/2021 (Shift-II)** |
| असम की राजभाषा है– **असमिया** | **UPSI 23/11/2021 (Shift-I)** |
| राजभाषा प्रगामी प्रयोग की समीक्षार्थ गठित संसदीय राजभाषा समिति की अध्यक्षता करते हैं– **भारत के गृहमंत्री** | **UPSI 24/11/2021 (Shift-III)**<br>**UPSI 16/11/2021 (Shift-II)** |
| केंद्र सरकारी कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु गठित केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान ……………… विभाग के तहत कार्यरत है– **राजभाषा विभाग** | **UPSI 24/11/2021 (Shift-III)** |
| केंद्र सरकारी कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु गठित केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान ……………… विभाग के तहत कार्यरत है– **राजभाषा विभाग** | **UPSI 24/11/2021 (Shift-III)** |
| 'विश्व हिंदी दिवस' मनाया जाता है– **10 जनवरी** | **UPSI 22/11/2021 (Shift- III)**<br>**UPSI 20/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 25/11/2021 (Shift-I)** |
| 'भाटभाषा' को कहा गया है– **डिंगल** | **UPSI 25/11/2021 (Shift-III)** |

| | |
|---|---|
| भारतीय संविधान के वह अनुच्छेद जिसमें उल्लेख मिलता है कि संविधान के लागू होने के पंद्रह वर्ष तक अंग्रेजी का प्रयोग जारी रहेगा– **343** | **UPSI 25/11/2021 (Shift-I)** |
| देवनागरी लिपि में किए गए सुधारों में पंचमाक्षर के बदले अनुस्वार के प्रयोग का सुझाव दिया था– **श्यामसुंदर दास** | **UPSI 25/11/2021 (Shift-II)** |
| सूरीनाम, मॉरिशस, गुयाना में बोली जाने वाली बोली है– **भोजपुरी** | **UPSI 27/11/2021 (Shift-III)** |
| 'हिन्दी दिवस मनाया जाता है– **14 सितम्बर** | **UP SI 29/11/2021 (Shift- I)**<br>**UPSI 27/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 15/11/2021 (Shift-II)**<br>**[UK PSC AE 2017]** |
| देवनागरी लिपि मूलतः है– **अक्षरात्मक** | **UPSI 28/11/2021 (Shift-III)** |
| वह राज्य जिसमें सबसे पहले 'देवनागरी लिपि' का प्रयोग हुआ है– **गुजरात** | **UPSI 28/11/2021 (Shift-III)** |
| भारत में 'हिंदी ............... वर्ग के अंतर्गत शामिल है– **राजभाषा** | **UPSI 28/11/2021 (Shift-III)** |
| संविधान का वह अनुच्छेद जिसमें सरकार के उन कर्तव्यों एवं दायित्वों का उल्लेख किया गया है, जिनका पालन हिंदी के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए किया जाता है– **अनुच्छेद 351** | **UPSI 27/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 28/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 28/11/2021 (Shift-I)** |
| भारतीय संविधान का वह अनुच्छेद जिसमें उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की कार्यवाहियों में प्रयुक्त भाषा के संबंध में उल्लेख है– **अनुच्छेद 348** | **UPSI 29/11/2021 (Shift-I)** |
| देवनागरी लिपि के स्थान पर रोमन लिपि स्वीकार करने का सुझाव दिया था– **सुनीति कुमार चटर्जी** | **UPSI 01/12/2021 (Shift-I)** |
| 'हिंदी वर्तनी का मानकीकरण' प्रकाशित हुआ था– **1967** | **UPSI 01/12/2021 (Shift-I)** |
| 'दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा' का मुख्यालय अवस्थित है– **चेन्नई** | **UPSI 30/11/2021 (Shift-I)** |
| वह भाषा जिसमें संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है– **पालि** | **UPSI 02/12/2021 (Shift-III)** |
| राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेदों में है– **343–351** | **UPSI 02/12/2021 (Shift-II)** |
| प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष थे– **बी.जी. खेर** | **UPSI 02/12/2021 (Shift-I)** |
| वह भाषा जो भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है– **सिंहली** | **UPASI 05/12/2021 (Shift-II)** |
| वह बोली जो अर्धमागधी अपभ्रंश से निकली है– **बघेली** | **UPSI 13/11/2021 (Shift-III)** |
| गारो भाषा राज्य में बोली जाती है– **मेघालय** | **UPSI 01/12/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 29/11/2021 (Shift-II)** |
| 'वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग' बना– **1961** | **UPSI 22/11/2021 (Shift-II)** |
| 'अवधी' भाषा बोली जाती है– **लखनऊ** | **[UPPSC AE 2008]** |
| हिन्दी की वह बोली जो उत्तर प्रदेश एवं बिहार दो प्रान्तों में बोली जाती है– **भोजपुरी** | **[UPPSC AE 2008]** |
| उत्तराखंड की राजभाषा है– **हिंदी** | **[UKPSC AE 2017]** |
| मानक लिपि से भाषा में आती है– **एकरूपता** | **[UKPSC AE 2012]** |
| हिन्दी वर्णमाला लिपि में लिखी जाती है– **ब्राह्मी** | **[UKPSC AE 2012]** |
| 'ब्रजभाषा' का केंद्रीय क्षेत्र है– **मथुरा** | **[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]** |
| वाराणसी-गोरखपुर-आरा के मध्य भाषा बोली जाती है– **भोजपुरी** | **[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]** |
| 'बुंदेली' का क्षेत्र है– **झाँसी-जालौन-दतिया** | **[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]** |
| बोली का क्षेत्र जब थोड़ा विकसित हो जाता है, और उसमें साहित्य की रचना होने पर वह बन जाती है– **उपभाषा** | **[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]** |

# 03

# संज्ञा

## संज्ञा

वह विकारी शब्द जिसके द्वारा किसी वस्तु, भाव और जीव के नाम का बोध हो, 'संज्ञा' कहलाता हैं। संज्ञा के पाँच भेद हैं–




- **व्यक्तिवाचक संज्ञा :** जिस शब्द से किसी एक वस्तु या व्यक्ति का बोध हो, उसे 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहते है। जैसे- राम, आगरा, आदि।
- **जातिवाचक संज्ञा :** जिन संज्ञाओ से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो, उन्हें 'जातिवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे- मनुष्य, घर, पहाड, नदी इत्यादि।
- **भाववाचक संज्ञा :** जिस संज्ञा शब्द से व्यक्ति या वस्तु के गुणधर्म, दशा अथवा व्यापार का बोध होता है, उसे 'भाववाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे- लंबाई, बुढ़ापा, नम्रता, मिठास, समझ, चाल इत्यादि।
- **समूहवाचक संज्ञा :** जिस संज्ञा से वस्तु अथवा व्यक्ति के समूह का बोध हो, उसे 'समूहवाचक' संज्ञा कहते हैं। जैसे- सभा, दल, गिरोह, गुच्छा, कुंज, मण्डल आदि।
- **द्रव्यवाचक संज्ञा :** जिस संज्ञा से नाप-तौल वाली वस्तु का बोध हो, उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे-लोहा, सोना, चाँदी, दूध, पानी, तेजाब आदि।

  **संज्ञाओं का प्रयोग :** संज्ञाओं के प्रयोग में कभी-कभी उलटफेर भी हो जाया करता है। कुछ उदाहरण देखिए :–
- **जातिवाचक : व्यक्तिवाचक :** कभी-कभी जातिवाचक संज्ञाओं का प्रयोग व्यक्तिवाचक संज्ञाओं में होता है। जैसे- दाऊ से कृष्ण के भाई बलदेव का, भारतेन्दु से हरिश्चन्द्र का तथा गोस्वामी से तुलसीदासजी का बोध होता है।
- **व्यक्तिवाचक : जातिवाचक :** कभी-कभी व्यक्तिवाचक संज्ञा का प्रयोग जातिवाचक में होता है, ऐसा किसी व्यक्ति का असाधारण गुण या धर्म दिखाने के लिए किया जाता है। ऐसी अवस्था में व्यक्तिवाचक संज्ञा जातिवाचक में बदल जाती है। जैसे- गाँधी अपने समय के **कृष्ण** थे। तुम कलियुग के **भीम** हो।
- **भाववाचक : जातिवाचक :** कभी-कभी भाववाचक संज्ञा का प्रयोग जातिवाचक संज्ञा में होता है। जैसे- ये सब कैसे अच्छे पहरावे है। यहाँ 'पहरावा' भाववाचक संज्ञा है किन्तु प्रयोग जातिवाचक संज्ञा में हुआ है। 'पहरावे' से पहनने के वस्त्र का बोध होता है।

## EXAM POINT

| | | |
|---|---|---|
| **परिभाषा एवं भेद** | | |
| 'वह इनमें से एक को जानता है।' वाक्य में संज्ञा के रूप में प्रयोग किया गया है– | **एक** | **UPPCL ARO, 2018** |
| मीठा, मधुर, चतुर, चातुर्य। दिए गये शब्दों में से संज्ञा शब्द है– | **चातुर्य** | **UPPCL RO/ARO, 2016** |
| व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को कहते हैं– | **संज्ञा** | **UPSI Batch - I 20 Dec.2017** |
| वह 'संज्ञा' जिसका भेद नहीं होता– | **निजवाचक** | **UPP Constable 18.06.2018 IInd Shift** |
| हिंदी में शब्दों का लिंग-निर्धारण ............ के आधार पर होता है– | **संज्ञा** | **KVS TGT Hindi, 2016** |
| वचन ........... के लिए प्रयोग किये जाते हैं– | संज्ञा | **UPSI Batch-II 21 Dec.2017** |
| 'हवा' शब्द है– | **संज्ञा** | **[UKPSC AE 2013]** |
| 'टहलना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है' वाक्य में 'टहलना' है– | **संज्ञा** | **[UPPSC AE 2011]** |
| 'संज्ञा' के कुल भेद हैं– | **पाँच** | **[UKPSC AE 2017] [UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]** |
| **व्यक्तिवाचक संज्ञा** | | |
| मोहन, काशी, यमुना, नदी। इन शब्दों में व्यक्तिवाचक संज्ञा वाला शब्द नहीं है– | **नदी** | **KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)** |
| 'गंगा' शब्द संज्ञा है– | **व्यक्तिवाचक संज्ञा** | **UPSI 16/11/2021 (Shift-III)** |

| | | |
|---|---|---|
| 'राम' संज्ञा का प्रकार है– **व्यक्तिवाचक संज्ञा** | **UPSI 15/11/2021 (Shift-III)** |
| 'भारत' शब्द संज्ञा है– **व्यक्तिवाचक संज्ञा** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-III)** |
| हिमालय, गंगा, राम, पहाड़। इन शब्दों में से वह शब्द जो व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं है– **पहाड़** | **UPSI 16/11/2021 (Shift-I)** |
| राम, रामचरितमानस, गंगा। ये सभी नाम ......... उदाहरण हैं– **व्यक्तिवाचक संज्ञा** | **ग्राम विकास अधिकारी, 2016** |
| 'रहीम' शब्द संज्ञा है– **व्यक्तिवाचक** | **KVS PGT Hindi, 2017** |
| संज्ञा शब्द कावेरी का भेद है– **व्यक्तिवाचक** | **UPPCL RO/ARO, 2016** |
| राकेश, रमेश, सीता, श्याम, हिन्दुस्तान में संज्ञा है– **व्यक्तिवाचक** | **[UPSI 24.07.2017 Sift I]** |
| 'हिमालय' शब्द संज्ञा है– **व्यक्तिवाचक** | **[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]** |
| 'चाँदनी चौक' संज्ञा है– **व्यक्तिवाचक संज्ञा** | **[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]** |
| **जातिवाचक संज्ञा** | |
| यथा, आज, लड़का, परन्तु। इन शब्दों में ........... विकारी शब्द का उदाहरण है– **लड़का** | **UPSI 30/11/2021 (Shift-III)** |
| पशु, घर, नदी, नर्मदा। दिए गए शब्दों में से जातिवाचक संज्ञा वाला शब्द नहीं है– **नर्मदा** | **KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)** |
| बंदर – जातिवाचक, मोटाई - भाववाचक, नेपाल – व्यक्तिवाचक, घृणा - जातिवाचक। 'संज्ञा' की दृष्टि से असंगत युग्म है– **'घृणा- जाति वाचक'** | **KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)** |
| 'पशु चर रहे हैं।' इस वाक्य में 'पशु' शब्द संज्ञा है– **जातिवाचक संज्ञा** | **UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022** |
| मनुष्य, परिवार, मोहन, कृष्ण। दिए गए शब्दों में से जातिवाचक संज्ञा वाला शब्द है– **मनुष्य** | **UPSI 13/11/2021 (Shift-III)** |
| 'शिक्षक' शब्द संज्ञा है– **जातिवाचक संज्ञा** | **UPSI 12/11/2021 (Shift-II)** |
| 'शहर' शब्द में संज्ञा है– **जातिवाचक संज्ञा** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-II)** |
| 'लेखक' शब्द संज्ञा का प्रकार है– **जातिवाचक संज्ञा** | **UPSI 21/11/2021 (Shift-III)** |
| 'घड़ी' शब्द है– **जातिवाचक संज्ञा** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-I)** |
| दुःख, लड़का, सेना, श्याम। इन शब्दों में से जातिवाचक संज्ञा वाला शब्द है– **लड़का** | **UPSI 02/12/2021 (Shift-II)** |
| जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो उन्हें कहते हैं– **जातिवाचक संज्ञा** | **DSSSB TGT Science 29/09/2018, II Sift व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाला** |
| समुद्रगुप्त 'भारत का नेपोलियन' था। यहाँ नेपोलियन शब्द में संज्ञा है– **जातिवाचक** | **आडीटर परीक्षा, 1993** |
| कामायनी, आम, रसीला, वकील। इन शब्दों में जातिवाचक संज्ञा वाला शब्द है– **आम, वकील** | **आडीटर परीक्षा, 1993** |
| इतिहास में कई चन्द्रगुप्त मिलते हैं। रेखांकित शब्द संज्ञा दर्शाता है– **जातिवाचक** | **UPPCL ARO, 2018** |
| पर्वत, मिठास, कर्मचारी, गंगा। इन शब्दों में जातिवाचक संज्ञा वाला शब्द है– **पर्वत** | **इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016** |
| कौआ शब्द में संज्ञा है– **जातिवाचक संज्ञा** | **UPPCL Stenographer, 2018** |
| 'गाय' शब्द में संज्ञा है– **जातिवाचक** | **UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift** |
| पशु चर रहे हैं। रेखांकित पद है– **जातिवाचक संज्ञा** | **UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift** |
| 'राज्यपाल' शब्द में संज्ञा है– **जातिवाचक** | **लोअर-1 परीक्षा, 2015** |

| | | |
|---|---|---|
| 'गरीबों' की सहायता करो। 'गरीब' शब्द में संज्ञा है– | **जातिवाचक संज्ञा** | **वन रक्षक परीक्षा, 2015** |
| मनुष्य, देवता, देवियाँ और आदमी में संज्ञा है– | **जातिवाचक** | **[UPSI 24.07.2017 Sift I]** |
| 'हथियार' शब्द में संज्ञा है– | **जातिवाचक** | **[UKPSC AE 2013]** |
| लड़का शब्द में संज्ञा है– | **जातिवाचक** | **[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]** |
| **भाववाचक संज्ञा** | | |
| देव, बुद्धिमानी, बुढ़ापा, भिडंत। इन चारों शब्दों में से वह शब्द जो भाववाचक संज्ञा वाला शब्द नहीं है, वह है– | **देव** | **DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)** |
| कड़वाहट, आनंद, अंकित, आवश्यकता। इन शब्दों में से भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है– | **अंकित** | **DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)** |
| भारत, लड़का, मित्रता, पेड़। इन शब्दों में भाववाचक संज्ञा वाला शब्द है– | **मित्रता** | **Bihar Primary Teacher 2023 (Shift-II)**<br>**UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022** |
| 'सौन्दर्य' शब्द में संज्ञा है– | **भाववाचक संज्ञा** | **CGPSC (Pre) 2021** |
| खारापन, ग्राम्य, तेजस्विता, चिकनाई। वह शब्द जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है– | **ग्राम्य** | **DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift-I)** |
| मिठास, चालाक, राष्ट्रीयता, सरलता। इस शब्दों में से कोई एक शब्द जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है– | **चालाक** | **DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)** |
| बूढ़ा, फैलाव, परिष्कार, प्रयोग। इन शब्दों में से एक शब्द जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है– | **बूढ़ा** | DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III) |
| खोजना, भारीपन, पात्रता, दासता। इन शब्दों में से एक शब्द जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है– | **खोजना** | **DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I)** |
| गोरापन, सर्व, अहंकार, महक। इन शब्दों में से एक शब्द जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है– | **सर्व** | **DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)** |
| गंभीर, मनाही, शांति, सामीप्य। इन चारों शब्दों में से वह शब्द जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है– | **गंभीर** | **DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)** |
| पुस्तक, वाराणसी, सत्य, शेर। इन शब्दों में से भाववाचक संज्ञा वाला शब्द है– | **सत्य** | **DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)** |
| पढ़ाई, लड़ाई, भलाई, कमाई। इन चारों शब्दों में से वह शब्द जो भाववाचक संज्ञा 'क्रिया' से नहीं बनी है– | **भलाई** | **UPSI 12/11/2021 (Shift-I)** |
| 'बचपन' शब्द में संज्ञा का प्रकार है– | **भाववाचक संज्ञा** | **UPSI 16/11/2021 (Shift-III)** |
| 'वीर' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी– | **वीरता, वीरत्व** | **UPSI 30/11/2021 (Shift-II)** |
| 'राष्ट्र' शब्द की भाववाचक संज्ञा है– | **राष्ट्रीयता** | **UPSI 30/11/2021 (Shift-III)** |
| 'लोभ' यह संज्ञा का प्रकार है– | **भाववाचक संज्ञा** | **UPSI 29/11/2021 (Shift-III)** |
| व्याकरण की दृष्टि से 'प्रेम' शब्द है– | **भाववाचक संज्ञा** | **UPSI 02/12/2021 (Shift-III)** |
| चरित्रता, सच्चरित्र, चरित्र, सतचरित्र। इनमें से वह शब्द जो 'भाववाचक संज्ञा' के अन्तर्गत आता है– | **चरित्र** | **UPSI 02/12/2021 (Shift-III)** |
| क्रोधित, क्रोधी, क्रुद्ध, क्रोध। संज्ञा वाला शब्द है– | **क्रोध** | **UPSI 02/12/2021 (Shift-II)** |

| | | |
|---|---|---|
| जलेबी में <u>मिठास</u> अधिक है। रेखांकित शब्द का विशेषण है– **मीठा** | **इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2016** |
| अचूक विशेषण के साथ उपयुक्त संज्ञा है– **निशाना** | **UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift** |
| सभा, कक्षा, भीड़, दौड़। इन चारों शब्दों में से वह शब्द जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है– **दौड़** | **UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift** |
| बंधुत्व, क्षत्रिय, पुरुष, प्रभु। इन शब्दों में भावचाचक संज्ञा वाला शब्द है– **बंधुत्व** | **UPPCL RO/ARO, 2016** |
| सुंदर, सौंदर्य, निर्बल, निपुण। इन शब्दों में भाववाचक संज्ञा वाला शब्द है– **सौंदर्य** | **UPPCL RO/ARO, 2016** |
| '<u>स्वतंत्रता</u> सबको प्यारी होती है।' वाक्य के रेखांकित शब्द का संज्ञा भेद है– **भाववाचक संज्ञा** | **लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018** |
| 'शूर' की भाववाचक संज्ञा है– **शौर्य** | **UPPCL Stenographer, 2018** |
| 'वैधव्य' एक भाववाचक संज्ञा है, जो कि विशेषण .......... से बना है– **विधवा** | **UPPCL ARO, 2018** |
| मिठाई, मीठी, मिठास, मीठा। इन चारों शब्दों में से वह शब्द जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प है– **मिठास** | **DSSSB PRT, 06/10/2018**<br>**UPPCL TG2 , 2015** |
| फिसलन _______ है– **भाववाचक संज्ञा** | **उ. प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016**<br>**UPSI, 2016** |
| जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, अव्यय शब्दों से ........... शब्द बनाए जाते हैं– **भाववाचक संज्ञा** | **UPSI Batch - I 21 Dec.2017** |
| "उसका सारा सौंदर्य उसकी <u>**हँसी**</u> में है।" रेखांकित शब्द में संज्ञा है– **भाववाचक संज्ञा** | **इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016** |
| 'मना' की भाववाचक संज्ञा है– **मनाही** | **UPPCL ARO, 2018** |
| रसीला, कड़वाहट, बुढ़ापा, उन्नति। ये सभी शब्द ......... संज्ञा के उदाहरण हैं–**भाववाचक संज्ञा** | **ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016** |
| 'मीठा' की भाववाचक संज्ञा होगी – **मिठास** | **DSSSB LDC, 16/11/2014, Chhattisgarh PSC (Pre) 2012-13** |
| भारत, लड़का, मित्रता, पेड़। इनमें से भाववाचक संज्ञा वाला शब्द है– **मित्रता** | **वन रक्षक परीक्षा, 2015** |
| दिल्ली, लड़का, मोहन, बीमारी। इन शब्दों में से भाववाचक संज्ञा वाला शब्द है– **बीमारी** | **UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift** |
| '<u>बुढ़ापा</u> एक प्रकार का अभिशाप है।' रेखांकित शब्द की संज्ञा– **भाववाचक** | **असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट, 2015** |
| वह <u>यौवन</u> में परिश्रम करता रहा। वाक्य में रेखांकित पद है– **संज्ञा** | **इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017** |
| लम्बाई, लोभी, मधुर, लज्जालु। इन चारों शब्दों में से वह शब्द जो भाववाचक संज्ञा को दर्शाता है– **लम्बाई** | **[UPPSC AE 2013]** |
| 'दुकान' की भाववाचक संज्ञा है– **दुकानदारी** | **[UPPSC AE 2013]** |
| नर्मदा, नारी, गुच्छा, बारीकी। इन चारों शब्दों में से भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है– **बारीकी** | **[UKPSC AE 2013]** |
| शब्द-प्रकार के आधार पर 'मनुष्यता' शब्दों का .......... भेद है– **भाववाचक संज्ञा** | **[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]** |
| संतान, देशप्रेम, वीर, वीरता। इन शब्दों में से भाववाचक संज्ञा वाला शब्द है– **देशप्रेम और वीरता** | **[UKPSC AE 2017]** |
| गंगा, चतुराई, फूल, कमरा। इन चारों शब्दों में से भाववाचक संज्ञा वाला शब्द है– **चतुराई** | **[UKPSC AE 2012]** |

| | |
|---|---|
| **समूहवाचक संज्ञा** | |
| नहर, सेना, स्टेशन, आगरा। इन सभी शब्दों में से समूहवाचक शब्द है– **सेना** | **[UPPSC AE 2008] UPSI 15/11/2021 (Shift-II)** |
| 'भीड़' शब्द में संज्ञा है– **समूहवाचक संज्ञा** | **DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- II)** |
| गड्डी, अच्छाई, गुलाब, गेहूँ। इन शब्दों में से समूहवाचक संज्ञा वाला शब्द है– **गड्डी** | **DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)** |
| 'परिवार' शब्द में संज्ञा का प्रकार है– **समूहवाचक संज्ञा** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-I)** |
| 'समिति' शब्द हिन्दी व्याकरण के अनुसार 'संज्ञा' के भेदों की श्रेणी में आता है–**समूहवाचक संज्ञा** | **UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018** |
| 'कक्षा' शब्द हिंदी व्याकरण के अनुसार 'संज्ञा' के भेदों की ........... श्रेणी में आता है– **समूहवाचक संज्ञा** | **UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018** |
| हरा, पतला, सभा, गहरा। इन शब्दों में समूहवाचक संज्ञा वाला शब्द है– **सभा** | **UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift** |
| **द्रव्यवाचक संज्ञा** | |
| 'लकड़ी' शब्द में संज्ञा भेद का शब्द है– **द्रव्यवाचक** | **UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)** |
| खटाई, मिठास, चमड़ा, ठण्ड। इन शब्दों में से द्रव्यवाचक संज्ञा वाला शब्द है– **चमड़ा** | **UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022** |
| खटाई, मिठाई, दूध, ठण्ड। इन सभी शब्दों में से द्रव्यवाचक संज्ञा वाला शब्द है– **दूध** | **UP TET 2021 Class-I-V UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift** |
| 'दूध' शब्द ......... संज्ञा का उदाहरण है– **द्रव्यवाचक** | **UPPCL JE Electrical, 2016** |
| **संज्ञा संबंधी अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न** | |
| 'गाँधी को राष्ट्रपिता कहा गया है।' वाक्य में संज्ञा किससे किस रूप में परिवर्तित हो रही है– **व्यक्तिवाचक से जातिवाचक** | **UPSI Batch - I 14 Dec.2017** |
| 'कालिमा' एक भाववाचक संज्ञा है, जो कि विशेषण ............ से बना है– **काला** | **UPPCL Stenographer, 2018** |
| आसमानी, नियमित, पाश्चात्य, अनुशासन। दिए गए शब्दों में संज्ञा वाला शब्द है– **अनुशासन** | **UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift** |
| बाप का संबंधवाचक संज्ञा रूप होगा– **बपौती** | **UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 Shift-I** |
| घर के आँगन में लगे पेड़ सूख गए। वाक्य में संज्ञा पदबंध है– **घर के आँगन में लगे पेड़** | **UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift** |
| पुरस्कार पाने वालों में कुछ हमारे विद्यालय के छात्र हैं। रेखांकित पदबंध है– **संज्ञा** | **NVS TGT Hindi, 2016** |
| 'देशभर के दलित अब बेरोजगार नहीं रहेंगे।' वाक्य में रेखांकित किये हुए भाग में पदबंध है–**संज्ञा** | **UPPCL ARO, 2018** |
| 'पड़ोस में रहने वाला शक्ति एक मेधावी छात्र है।' रेखांकित किये हुए भाग में पदबंध है– **संज्ञा** | **UPPCL ARO, 2018** |
| सभी प्रश्नों के उत्तर देने वाले बच्चों को पुरस्कार मिलेगा। दिए गए वाक्य में संज्ञा पदबंध है– **सभी प्रश्नों के उत्तर देने वाले बच्चों** | **UPPCL Stenographer, 2018** |

# 04

# सर्वनाम

## सर्वनाम

सर्वनाम उस विकारी शब्द को कहते है जो पूर्वापरसंबंध से किसी भी संज्ञा के बदले आता है।

**सर्वनाम के भेद :–** हिन्दी में कुल ग्यारह सर्वनाम है– मैं, तू, आप, यह, वह, जो, सो, कोई, कुछ, कौन, क्या।

⇒ प्रयोग के अनुसार सर्वनाम के छह भेद है, जो इस प्रकार है।




■ **पुरुषवाचक सर्वनाम :** 'पुरुषवाचक सर्वनाम' पुरूषों (पुरुष या स्त्री) के नाम के बदले आते हैं। इसके तीन भेद है।




■ **निजवाचक सर्वनाम :** निजवाचक सर्वनाम का रूप 'आप' है। लेकिन पुरूषवाचक के अन्य पुरुष वाले 'आप' से इसका प्रयोग बिल्कुल अलग है। यह कर्ता का बोधक है, पर स्वयं कर्ता का काम नहीं करता। पुरूषवाचक, 'आप' बहुवचन में आदर के लिए प्रयुक्त होता है। जैसे- आप मेरे सिर-आँखों पर है। किन्तु निजवाचक 'आप' एक ही तरह दोनों वचनों में आता है और तीनों पुरूषों में इसका प्रयोग किया जा सकता है।

**निजवाचक सर्वनाम 'आप' का प्रयोग :–**

**(i) संज्ञा या सर्वनाम के अवधारण (निश्चय) के लिए–**
जैसे- मैं आप वही कार्य कर रहा हूँ।

**(ii) दूसरे व्यक्ति के निराकरण के लिए–**
जैसे- उन्होंने मुझे रहने को कहा और आप चलते बने।

**(iii) सर्वसाधारण के अर्थ में–**
जैसे- आप भला तो जग भला।
यह काम आप ही हो गया।

■ **निश्चयवाचक सर्वनाम :** निकट या दूर के व्यक्तियों या वस्तुओं का निश्चयात्मक संकेत जिन शब्दों से व्यक्त होता है, उन्हें निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।
जैसे- यह, वह, ये, वे।

■ **अनिश्चयवाचक सर्वनाम :** जिन सर्वनामों से किसी निश्चित वस्तु का बोध नहीं होता उन्हें अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।
जैसे : कोई, कुछ ।

■ **संबंधवाचक सर्वनाम :** जिस सर्वनाम से वाक्य में किसी दूसरे सर्वनाम या संज्ञा से संबंध स्थापित किया जाए, उसे 'संबंधवाचक सर्वनाम' कहते हैं। जैसे – जो, सो।

■ **प्रश्नवाचक सर्वनाम :** प्रश्न करने के लिए जिन सर्वनामों का प्रयोग होता है, उन्हें 'प्रश्नवाचक सर्वनाम' कहते हैं।
जैसे–क्या, कौन।

# EXAM POINT

## परिभाषा एवं भेद

| | |
|---|---|
| गुणवाचक, प्रश्नवाचक, संबंधवाचक, निजवाचक। दिए गए शब्दों में सर्वनाम का भेद नहीं है– **गुणवाचक** | **UPSI 12/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI वनरक्षक 02/12/2018 (Shift-I)** |
| 'संयुक्त सर्वनाम' नामक सर्वनाम की एक पृथक श्रेणी का उल्लेख .............. विद्वान ने किया है– **डॉ. दीमशित्स** | **UPSI 13/11/2021 (Shift-III)** |
| रोग, कौन, नींद, सफाई। दिये गये शब्दों में सर्वनाम शब्द है– **कौन** | **UPSI 12/11/2021 (Shift-II)** |
| सर्वनाम की उपयुक्त परिभाषा है– **संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द** | **UPSI 14/11/2021 (Shift-I)** |
| हिंदी में कुल सर्वनाम की संख्या है– **11** | **UPSI 25/11/2021 (Shift-III)**<br>**UPSSSC VDO 23/12/2018 (Shift- I)** |

| | | |
|---|---|---|
| राधा, वह, सुन्दर, विभीषण। दिए गए शब्दों में सर्वनाम वाला पद है– | **वह** | **KVS TGT Hindi, 2017** |
| यह, सभा, मनुष्य, हिमालय। दिए गए शब्दों में सर्वनाम वाला शब्द है– | **यह** | **UPP Constable, 19.06.2018 I[st] Shift** |
| सर्वनाम के कुल भेद होते हैं– | **6** | **DSSSB PGT 24.07.2018 (9:00 am-12.00pm)**<br>**UPSI 21/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 13/11/2021 (Shift-II)**<br>**वनरक्षक परीक्षा 2015**<br>**UPSSSC VDO 23/12/2018-I**<br>**UK PSC AE-2017** |
| जो शब्द पूर्वापर संबंध से किसी भी संज्ञा के बदले आता है उसको कहते हैं– | **सर्वनाम** | **[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]** |
| **पुरुषवाचक सर्वनाम** | | |
| ........ पुरुषवाचक सर्वनाम चुनिए।<br>आप लोग अब घर जा सकते हैं- | **आप लोग** | **UPP Assistant Operator 08.02.2024 (Shift-II)** |
| ........ पुरुषवाचक सर्वनाम चुनिए।<br>आप जहाँ भी रहती हैं खुशियों का माहौल रहता है- | **आप** | **UPP Assistant Operator 08.02.2024 (Shift-I)** |
| 'मुझे बारिश में भीगना पसंद नहीं है।' ........ सर्वनाम का उदाहरण है– | **उत्तम और प्रथम पुरुष दोनों** | **UPP Constable Re-Exam ( 23.08.2024 Shift-II)** |
| उचित सर्वनाम से रिक्त स्थान पूर्ति कीजिए। अरे!_______कब आए- | **आप** | **UPP Assistant Operator 01.02.2024 (Shift-I)** |
| रिक्त स्थान की पूर्ति उचित सर्वनाम से कीजिए।<br>अब______बच्चों का खेल देखिए- | **आप** | **UPP Assistant Operator 02.02.2024 (Shift-II)** |
| रिक्त स्थान की पूर्ति उचित सर्वनाम से कीजिए।<br>राम ________ नानी के घर गया है- | **अपनी** | **UPP Assistant Operator 04.02.2024 (Shift-II** |
| 'हम ताजमहल देखने जाएंगे।' इस वाक्य में 'हम' सर्वनाम का प्रकार है– | **पुरुषवाचक** | **UPSI 21/11/2021 (Shift-III)**<br>**UPSI 15/11/2021 (Shift-I)**<br>**UPSSSC वनरक्षक 02/12/2018 (Shift-I)** |
| 'उसका भाई खेलता है।' वाक्य में सर्वनाम है– | **पुरुषवाचक** | **UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022** |
| 'वह एक अच्छा छात्र है।' वाक्य में संकेतवाचक सर्वनाम है– | **वह** | **CGPSC (Pre) 2019** |
| उसने, तुमने, हम, मैंने। दिए गए शब्दों में वह शब्द जो अन्य पुरुष सर्वनाम का उदाहरण है– | **उसने** | **DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)** |
| उनको, हम, उन्हें, आपको। दिए गए शब्दों में से उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम शब्द का सबसे अच्छा विकल्प है– | **हम** | **DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-II)** |
| हम, तू, कोई, मैं। दिए गए इन शब्दों में से वह शब्द जो सार्वनामिक दृष्टि से पुरुषवाचक सर्वनाम से संबंधित नहीं है– | **कोई** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-III)** |
| पुरुषवाचक सर्वनाम के भेद होते हैं– | **तीन** | **UPP, 2017** |
| जो सर्वनाम शब्द वक्ता, श्रोता अथवा किसी अन्य व्यक्ति के लिए प्रयोग किया जाता है उसे कहते हैं– | **पुरुषवाचक सर्वनाम** | **[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]** |
| 'वे भ्रष्टाचार के प्रबल विरोधी थे।' वाक्य सर्वनाम का प्रकार है– | **पुरुषवाचक** | **[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]** |

| | |
|---|---|
| **उत्तम पुरुष** | |
| दिए गए वाक्य में सर्वनाम को पहचानिए।<br>मैं लिखना पसंद करती हूँ- **मैं** | **UPP Assistant Operator 07.02.2024 (Shift-II)** |
| दिए गए वाक्य में सर्वनाम को पहचानिए।<br>राम तुम्हें बुला रहा है- **तुम्हें** | **UPP Workshop Staff 29.01.2024 (Shift-I)** |
| 'मुझे' शब्द सर्वनाम का प्रकार है– **उत्तम पुरुष** | **लोअर-2 परीक्षा, 2015<br>लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2008** |
| उत्तम पुरुष सर्वनाम के उदाहरण हैं– **मैं, हम, मैंने, हमने, मेरा, हमारा, मुझे, मुझको** | **व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली** |
| **मध्यम पुरुष** | |
| रिक्त स्थान की पूर्ति उचित सर्वनाम से कीजिए।<br>__________ ने कल स्कूल आने में देर कर दी थी- **तुम** | **UPP Assistant Operator 05.02.2024 (Shift-I)** |
| उत्तम पुरुषवाची शब्द नहीं है– **तुम** | **BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)** |
| तुम कल कहाँ थे? वाक्य का पुरुष है– **मध्यम** | **DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)** |
| मैं, तू, वह। इन शब्दों में मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम है– **तू** | **UPSI 02/12/2021 (Shift-I)<br>UPPCL Stenographer 2018** |
| **अन्य पुरुष** | |
| रिक्त स्थान की पूर्ति उचित सर्वनाम से कीजिए।<br>________ अपनी माताजी के साथ शहर में रहती है- **वह** | **UPP Assistant Operator 06.02.2024 (Shift-I)** |
| जीवेश एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी है। दिया गया वाक्य ............. पुरुष का उदाहरण है– **अन्य पुरुष** | **DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)** |
| उन्हें, तुम, तुम्हें, हमारा। दिए गए शब्दों में अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम शब्द का सबसे अच्छा विकल्प है– **उन्हें** | **DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)** |
| इनकी तुम्हारे में कोई रुचि नहीं है। दिए गए वाक्य में सर्वनाम है– **अन्य पुरुष** | **DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)** |
| आप, हम, मेरा, इसने। इन चारों शब्दों में से, उस शब्द का चयन करें जो अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम है– **इसने** | **DSSSB PRT 30.03.2022(Shift- I)** |
| वह कल मुझसे मिलने आएगी। रेखांकित शब्द के आधार पर पुरुषवाचक सर्वनाम के भेद का सही विकल्प है– **अन्य पुरुषवाचक** | **[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]** |
| **निजवाचक सर्वनाम** | |
| निज, हम, आप, खुद। दिए गए शब्दों में से कोई एक शब्द जो निजवाचक सर्वनाम नहीं है, वह है– **हम** | **UPPCL ARO, 2018** |
| 'मैंने इस समस्या का समाधान खुद ही निकाल लिया' इस वाक्य में शब्द 'खुद ही' पद में सर्वनाम का भेद है– **निजवाचक सर्वनाम** | **UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी ( परीक्षा तिथि 22.05.2022)** |
| सफलता पाने के लिए तुम्हें स्वयं कठोर परिश्रम करना पड़ेगा। दिए गए वाक्य में निजवाचक सर्वनाम वाले शब्द का चयन करें– **स्वयं** | **DSSSB PRT 07.03.2023(Shift- III)** |
| मै स्वयं गाड़ी चला सकती हूँ। दिए गए वाक्य के अनुसार स्वयं शब्द का सर्वनाम है–**निजवाचक** | **DSSSB PRT 29.03.2022(Shift- II)** |
| यह समस्या मैं आप ही हल कर लूंगा। इस वाक्य में सर्वनाम का प्रयोग हुआ है– **निजवाचक सर्वनाम** | **UPSI 12/11/2021 (Shift-III)** |

| | |
|---|---|
| ''मैं अपने-आप वस्त्र साफ़ कर लेता हूँ।'' इस वाक्य में सर्वनाम है– **निजवाचक** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-III)** |
| 'मैं स्वयं वहीं से आया हूँ।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्द का सर्वनाम का प्रकार है– **निजवाचक सर्वनाम** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-III)** |
| 'मैं अपना काम आप करूँगा।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्द के सर्वनाम का प्रकार है– **निजवाचक सर्वनाम** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-I)**<br>**UPPCL RO/ARO 2016** |
| 'वह दूसरों को नहीं बल्कि अपने-आप को सुधार रहा है।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्दों का सर्वनाम का प्रकार है– **निजवाचक सर्वनाम** | **High Court ARO - 2021**<br>**UPSI 17/11/2021 (Shift-I)** |
| 'शीला अपने कपड़े स्वयं धोती है।' इस वाक्य में 'स्वयं' सर्वनाम का भेद है– **निजवाचक** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-I)** |
| आप, मेरा, मैं, हमारा। इन शब्दों में से निजवाचक सर्वनाम का मूल रूप वाला शब्द है– **आप** | **UPSI 22/11/2021 (Shift-II)** |
| 'आपके घर मैं स्वयं आया था।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्दों का सर्वनाम का प्रकार है– **निजवाचक सर्वनाम** | **UPSI 16/11/2021 (Shift-III)** |
| वह आप ही चला गया।' – वाक्य में रेखांकित शब्द सर्वनाम के ............ भेद का उदाहरण है– **निजवाचक सर्वनाम** | **UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift** |
| 'आप भला तो जग भला' - वाक्य में रेखांकित शब्द का सर्वनाम है– **निजवाचक** | **CTET (I-V) 08.01.2019**<br>**[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]**<br>**UPSI 15/11/2021 (Shift -III)** |
| घनश्याम ने अपने आप कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली। दिए गए रेखांकित वाक्य में सर्वनाम है– **निजवाचक** | **[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]** |
| **निश्चयवाचक सर्वनाम** | |
| तू, तुम, तेरा आदि हिंदी में ........ सर्वनाम हैं- **मध्यम पुरूषवाचक** | **UPP Constable 18.02.2024 (Shift-II)** |
| ........ निश्चयवाचक सर्वनाम है- **यह** | **UPP Constable 17.02.2024 (Shift-II)** |
| रिक्त स्थान की पूर्ति उचित सर्वनाम से कीजिए। _______पास रामायण की किताब है- **उसके** | **UPP Assistant Operator 02.02.2024 (Shift-I)** |
| कोई, यह, जो, कुछ। दिए गए शब्दों में निश्चयवाचक सर्वनाम वाला शब्द है– **यह** | **UPSI 15/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPPCL ARO 2018**<br>**KVS PGT, Hindi 2016** |
| 'यह मेरी किताब है।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्द का सर्वनाम का प्रकार है– **निश्चयवाचक सर्वनाम** | **UPSI 21/11/2021 (Shift-III)**<br>**UPP, 2017** |
| संकेतवाचक सर्वनाम को और भी नाम से जाना जाता है– **निश्चयवाचक सर्वनाम** | **UPSI 28/11/2021 (Shift-II)** |
| वहाँ, यह, जो, सो। दिए गए चारों शब्दों में से एक शब्द जो सम्बन्धवाचक सर्वनाम नहीं है वह शब्द है– **यह** | **UPPCL ARO, 2018** |
| वह (निश्चयवाचक) के अपादान कारक का एकवचन रूप है– **उससे** | **UPPCL Stenographer, 2018** |
| 'वह बहुत अच्छा लड़का है' वाक्य में 'वह' शब्द में सर्वनाम है– **निश्चयवाचक सर्वनाम** | **UP TET - 2019**<br>**[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]** |
| **अनिश्चयवाचक सर्वनाम** | |
| दिए गए वाक्य में सर्वनाम को पहचानिए।<br>कुछ सेब यहाँ पड़े हैं।- **कुछ** | **UPP Workshop Staff 29.01.2024 (Shift-II)** |
| 'दूध में कुछ पड़ गया है' वाक्य के रेखांकित शब्द में सर्वनाम है– **अनिश्चयवाचक** | **DSSSB TGT - 15.09.2018**<br>**KVS PRT 28-02-2023 (Shift-I)** |

| | | |
|---|---|---|
| 'दरवाजे पर कोई आया है' वाक्य में किस प्रकार का सर्वनाम है– **अनिश्चयवाचक सर्वनाम** | **KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)** |
| छत्तीसगढ़ी शब्द 'कोनो' सर्वनाम है– **अनिश्चयवाचक** | **CGPSC (Pre) 2020** |
| ''स्वाद में कुछ कमी है'' दिए गए वाक्य में सर्वनाम है– **अनिश्चयवाचक सर्वनाम** | **DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- III)**<br>**UPSI 17/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 25/11/2021 (Shift-III)** |
| 'कोई आ रहा है' - वाक्य में सर्वनाम है– **अनिश्चयवाचक** | **लोअर-I परिक्षा 2015**<br>**UPSI 13/11/2021 (Shift-III)**<br>**UPSI 21/11/2021 (Shift-III)**<br>**UPSI 14/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI Batch -I 21/12/2017** |
| 'आपके घर में <u>इतना</u> दूध होता है, <u>कुछ</u> हमारे यहाँ भी भिजवा दिया कीजिए।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्दों का सर्वनाम का प्रकार है– **अनिश्चयवाचक सर्वनाम** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-I)**<br>**UPSI 29/11/2021 (Shift-III)** |
| 'कोई' और 'कुछ' जैसे शब्द सर्वनाम के उदाहरण हैं– **अनिश्चयवाचक सर्वनाम** | **DSSSB PGT - 25.07.2018 (9 am-12 pm)**<br>**UPSI 29/11/2021 (Shift-III)**<br>**UPPCS AE 2013** |
| 'किसी को बुलाओ' वाक्य में 'किसी' शब्द का सर्वनाम है– **अनिश्चयवाचक सर्वनाम** | **UPSI 02/12/2021 (Shift-I)** |
| अनिश्चयवाचक सर्वनाम का अपादान कारक में बहुवचन रूप होगा– **किन्हीं से** | UPSSSC Jevej#ekeâ, 02.12.2018 I Shift |
| दान, भजन, कुछ, पढ़ना। इन शब्दों में वह शब्द जिसमें सर्वनाम है– **कुछ** | **UP B.Ed. Exam 2005** |
| **सम्बन्धवाचक सर्वनाम** | |
| रिक्त स्थान की पूर्ति उचित सर्वनाम से कीजिए।<br>वे एक गरीब किसान के बेटे थे इसलिए ______ बचपन गरीबी में बीता- **उनका** | **UPP Assistant Operator 04.02.2024 (Shift-I)** |
| सम्बन्धवाचक सर्वनाम है- **जो** | **UPP Constable Re-Exam 30.08.2024 (Shift-II)** |
| बच्चे वही कहानी सुनेंगे जो सच है। दिए गए वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम वाला शब्द है– **वही, जो** | **DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- II)** |
| '<u>जैसे</u> वह आया <u>वैसे</u> ही चला गया।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्दों का सर्वनाम का प्रकार है– **संबंधवाचक सर्वनाम** | **UPSI 15/11/2021 (Shift-III)** |
| 'जैसा करोगे, वैसा भरोगे' में सर्वनाम का भेद है– **संबंधवाचक** | **UPSI 16/11/2021 (Shift-III)** |
| कुछ, वह, जो। इन शब्दों में वह शब्द जो संबंधवाचक सर्वनाम से सम्बन्धित है– **जो** | **UPSI 24/11/2021 (Shift-I)**<br>**UPSI 20.07.2017 (Shift-II)** |
| <u>जो</u> करेगा सो भरेगा। रेखांकित शब्द है– **संबंधवाचक सर्वनाम** | **वन रक्षक परीक्षा, 2015** |
| 'जिसको हमने बुलाया था, वह आया है।' इस वाक्य में सर्वनाम है– **संबंधवाचक सर्वनाम** | **[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]** |
| कोई, आप, किस, जिस। इन शब्दों में से वह शब्द जो 'सम्बन्धवाचक' सर्वनाम वाला शब्द है– **जिस** | **[UKPSC AE 2012]** |
| **प्रश्नवाचक सर्वनाम** | |
| क्यों, कब सर्वनाम के उदाहरण है- **प्रश्नवाचक सर्वनाम** | **UPP Constable 17.02.2024 (Shift-I)** |
| रिक्त स्थान की पूर्ति उचित सर्वनाम से कीजिए।<br>यह फटी किताब —— है- **किसकी** | **UPP Assistant Operator 07.02.2024 (Shift-I)** |

| | | |
|---|---|---|
| दिए गए वाक्यांश में सर्वनाम को पहचानिए। बाहर कौन खड़ा है? (कौन)- **प्रश्नवाचक** | **UPP Assistant Operator 05.02.2024 (Shift-II)** |
| रिक्त स्थान की पूर्ति उचित सर्वनाम से कीजिए।<br>कमरे के अन्दर __________ बैठा है- **कौन** | **UPP Assistant Operator 03.02.2024 (Shift-II)** |
| उचित सर्वनाम से रिक्त स्थान पूर्ति कीजिए।<br>लगता है बाहर _____ खड़ा है- **कोई** | **UPP Assistant Operator 01.02.2024 (Shift-II)** |
| पुस्तक किससे मँगवाऊँ?। इस वाक्य में सर्वनाम का प्रयोग हुआ है– **प्रश्नवाचक सर्वनाम** | **UPSI 14/11/2021 (Shift-I)** |
| 'तुम कौन हो?' इस वाक्य में अधोरेखित सर्वनाम का प्रकार है– **प्रश्नवाचक सर्वनाम** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-II)** |
| नींद, रोग, सफाई, कौन। इन शब्दों में सर्वनाम से सम्बन्धित शब्द है– **कौन** | **UPSI 12/11/2021 (Shift-I)**<br>**UPSSSC VDO 22/12/2018 (Shift-I)**<br>**UPSSSC Stenographer 10/03/2019** |
| 'किस-किस से झगड़ा करते फिरोगे?' रेखांकित पद .......... है– **सर्वनाम** | **इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016** |
| **सर्वनाम संबंधी अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न** | |
| निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग है– **आप भले तो जग भला** | **UPP Constable Re-Exam ( 23.08.2024 Shift-I)** |
| कोई, सब, कुछ, कुछ-न-कुछ। इनमें से 'संयुक्त सर्वनाम' वाला शब्द है– **कुछ-न-कुछ** | **UPSI 24/11/2021 (Shift-II)** |
| 'साथ' शब्द का प्रयोग ........ नहीं किया जा सकता है– **सर्वनाम के रूप में** | **UPPCL Stenographer, 2018** |
| किस, कोई, कौन, क्या। इन शब्दों में वह शब्द जो अप्राणिवाचक प्रश्नवाचक सर्वनाम है– **क्या** | **UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018** |
| कुछ भी, कुछ-न-कुछ, सब कुछ, जो, वह। दिए गए शब्दों में वह शब्द जो अनिश्चयवाचक सर्वनाम के अन्तर्गत नहीं आता है– **जो, वह** | **फूड इंस्पेक्टर, 1996** |
| मेरे, मुझको, मेरे लिए, मुझे। मैं (उत्तम पुरुष) के सम्प्रदान कारक का एकवचन रूप नहीं है– **मेरे** | **UPPCL Stenographer, 2018** |
| यह मकान मेरे भाई का है। रेखांकित पद है– **संकेतवाचक सर्वनाम विशेषण** | **UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift** |
| 'सब कोई' सर्वनाम के प्रकार का उदाहरण है– **संयुक्त सर्वनाम** | **[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]** |
| जो सर्वनाम संज्ञा शब्दों के मेल से बनते हैं, उन्हें कहते हैं– **संयुक्त सर्वनाम** | |
| 'मैंने मेरे को सुधार लिया है।' इस वाक्य में अशुद्धि है– **सर्वनाम** | **UPSI Batch - II 16 Dec.2017** |
| घर, आप, पहाड़, नदी। दिए गए शब्द में से सर्वनाम वाला शब्द है– **आप** | **UPP Constable 18.06.2018 I[st] Shift** |
| 'ऐसा भी हो सकता है?' वाक्य में सर्वनाम के रूप में प्रयोग किया गया शब्द है– **ऐसा** | **UPPCL ARO, 2018** |
| 'सीधा' शब्द का प्रयोग नहीं किया जा सकता है– **सर्वनाम** | **UPPCL ARO, 2018** |
| 'कौन' सर्वनाम का गुणवाचक शब्द है– **कैसा** | **KVS TGT Hindi, 2016** |
| पिताजी आ रहे हैं _________सहारा दो। रिक्त स्थान में सर्वनाम प्रयोग होगा– **उनको** | **UPPCL RO/ARO, 2016** |
| अपादान कारक, उत्तम पुरुष, बहुवचन रूप होगा– **हमसे** | **UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift** |
| अन्यपुरुष, एकवचन, सर्वनाम का संप्रदान कारक बहुवचन रूप होगा– **उन्हें** | **UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift** |
| अनिश्चयवाचक सर्वनाम का करण कारक बहुवचन रूप होगा– **किन्हीं से** | **UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift** |

# 05

# क्रिया

## क्रिया

जिस शब्द से किसी काम का करना या होना समझा जाय, उसे 'क्रिया' कहते हैं। जैसे- पढ़ना, खाना, पीना आदि।

- **धातु–** धातु क्रियापद के उस अंश को कहते हैं, जो किसी क्रिया के प्रायः सभी रूपों में पाया जाता है।
- **धातु के भेद–** शब्द निर्माण की दृष्टि से धातु दो प्रकार की होती है।




- **मूल धातु :** मूल धातु स्वतंत्र होती है, यह किसी दूसरे शब्द पर आश्रित नहीं होती। **जैसे–** खा, देख, पी, इत्यादि।
- **यौगिक धातु :** ये धातुएँ किसी प्रत्यय के योग से बनती है। **जैसे-** 'खाना' से खिला, 'पढ़ना' से पढ़ा।
  यौगिक धातु तीन प्रकार से बनती है–




- **प्रेरणार्थक क्रिया ( धातु )–** जिन क्रियाओं से इस बात का बोध हो कि कर्ता स्वयं कार्य न कर किसी दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, वे 'प्रेरणार्थक क्रियाएँ' कहलाती हैं।
  **जैसे–** काटना से कटवाना, करना से कराना।
- **यौगिक क्रिया ( धातु )–** दो या दो से अधिक धातुओं और दूसरे शब्दों के संयोग से या धातुओं में प्रत्यय लगाने से जो क्रिया बनती है, उसे 'यौगिक क्रिया' कहते हैं।
  **जैसे–** चलना-चलाना, हँसना-हँसाना।
- **नाम धातु–** जो धातु संज्ञा या विशेषण से बनती है, उसे 'नामधातु' कहते हैं।
  **जैसे-**हाथ से हथियाना, बात से बतियाना, गरम से गरमाना।




**अकर्मक क्रिया-**जिन क्रियाओं का व्यापार और फल कर्ता पर हो, वे **'अकर्मक क्रिया'** कहलाती हैं। जैसे- श्याम सोता है। **'सकर्मक क्रिया'** उसे कहते हैं, जिसका कर्म हो या जिसके साथ कर्म की संभावना हो। जैसे- श्याम आम खाता है।




- **सहायक क्रियाः** सहायक क्रिया मुख्य क्रिया के साथ प्रयुक्त होकर अर्थ को स्पष्ट एवं पूर्ण करने में सहायता करती है। **जैसे–** मैं घर जाता हूँ। (यहां 'जाना' मुख्य क्रिया है और 'हूँ' सहायक क्रिया।
- **नामबोधक क्रियाः** संज्ञा अथवा विशेषण के साथ क्रिया जुड़ने से जो सयुंक्त क्रिया बनती है, उसे नामबोधक क्रिया कहते हैं।
  **जैसे–** जैसे लाठी मारना, दुःखी होना।
- **द्विकर्मक क्रियाः** जिस क्रिया के दो कर्म होते हैं उसे द्विकर्मक क्रिया कहा जाता है।
  **जैसे-**श्याम ने **राम** को **थप्पड़** मारा।
- **पूर्व कालिक क्रियाः** जब कर्ता एक क्रिया को समाप्त कर उसी क्षण दूसरी क्रिया करना प्रारम्भ करता है तब पहली क्रिया को पूर्वकालिक क्रिया कहा जाता है।
  **जैसे–**मोहन **भोजन करके** सो गया।
- **क्रियार्थक संज्ञाः** जब कोई क्रिया संज्ञा की भांति व्यवहार में आती है तब उसे क्रियार्थक संज्ञा कहते हैं।
  **जैसे–टहलना** स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।
- **संयुक्त क्रियाएँः** जो क्रिया दो या दो से अधिक धातुओं के मेल से बनती है उसे संयुक्त क्रिया कहते हैं।
  **जैसे–** मुझे **पढ़ने दो,** वह **खेलती-कूदती** रहती है।
- अर्थ के अनुसार संयुक्त क्रिया के 11 मुख्य भेद हैं।




- **आरम्भबोधक :** जिस संयुक्त क्रिया से क्रिया के आरंभ होने का बोध होता है, उसे 'आरम्भबोधक संयुक्त क्रिया' क्रिया कहते हैं।
  **जैसे-** वह पढ़ने लगा, पानी बरसने लगा।
- **समाप्तिबोधक :** जिस संयुक्त क्रिया से मुख्य क्रिया की पूर्णता, व्यापार की समाप्ति का बोध हो, वह 'समाप्तिबोधक' संयुक्त क्रिया' है। जैसे– वह खा चुका है।
- **अवकाशबोधक :** जिससे क्रिया को निष्पन्न करने के लिए अवकाश का बोध हो, वह 'अवकाशबोधक' संयुक्त क्रिया है। **जैसे–** वह मुश्किल से सो पाया।

- **अनुमतिबोधकः** जिससे कार्य करने की अनुमति दिए जाने का बोध हो, वह 'अनुमतिबोधक संयुक्त क्रिया' है।
  **जैसे–** मुझे जाने दो, मुझे बोलने दो।
- **नित्यताबोधक–** जिससे कार्य की नित्यता, उसके बंद न होने का भाव प्रकट हो, वह 'नित्यताबोधक संयुक्त क्रिया' है।
  **जैसे–** हवा चल रही है।
- **आवश्यकताबोधकः** जिससे कार्य की आवश्यकता या कर्तव्य का बोध हो, वह 'आवश्यकताबोधक संयुक्त क्रिया है।
  **जैसे-**यह काम मुझे करना पड़ता है।
- **निश्चयबोधकः** जिस संयुक्त क्रिया से मुख्य क्रिया के व्यापार की निश्चयता का बोध हो, उसे 'निश्चयबोधक संयुक्त क्रिया' कहते हैं। जैसे- अब दे ही डालो।
- **इच्छाबोधकः** इससे क्रिया के करने की इच्छा प्रकट होती है।
  **जैसे–** वह घर आना चाहता है।
- **अभ्यासबोधकः** इससे क्रिया के करने के अभ्यास का बोध होता है। **जैसे–** तुम लिखा करते हो।
- **शक्तिबोधक–** इससे कार्य करने की शक्ति का बोध होता है।
  **जैसे-**मैं चल सकता हूँ।
- **पुनरुक्त संयुक्त क्रियाः** जब दो समानार्थक अथवा समान ध्वनिवाली क्रियाओं का संयोग होता है, तब उन्हें 'पुनरुक्त संयुक्त क्रिया' कहते हैं।
  **जैसे–** वह पढ़ा-लिखा करता है।

# EXAM POINT

| | | |
|---|---|---|
| **परिभाषा एवं भेद** | | |
| 'बच्चा रोज आठ बजे सोता है' वाक्य से क्रिया शब्द का चयन करें। | **सोता** | **UPP Assistant Operator 01.02.2024 (Shift-II)** |
| मुख्य क्रिया के अर्थ को स्पष्ट करने वाली क्रिया होती है– | **सहायक क्रिया** | **UPP Constable Re-Exam ( 30.08.2024 Shift-I)** |
| जिन शब्दों से काम का करना या होना पाया जाए, उन्हें– | **क्रिया कहते हैं** | **UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper<br>उ. प्र. पु. कांस्टेबल 25.10.2018<br>UPP Constable, 2017** |
| 'सोहन गाँव का मकान देख रहा है।' इस वाक्य में क्रिया शब्द है– | **देख रहा है** | **UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)** |
| क्रिया के रूपान्तरण को कहते हैं– | **वाच्य** | **CGPSC (Pre) 2020** |
| रचना की दृष्टि से क्रिया के भेद हैं– | **दो** | **UPP CONSTABLE, 2017<br>DSSSB प्रशासनिक अधिकारी, परीक्षा-31/05/2015<br>नायब तहसीलदार, 1992** |
| मुख्य क्रिया के अर्थ को स्पष्ट करने वाली क्रिया को कहते हैं– | **सहायक क्रिया** | **UPSI 14/11/2021 (Shift-III)** |
| क्रिया क़ा वह रूप जिसमें कर्त्ता के अनुसार लिंग परिवर्तन नहीं होता– | **भूतकालिक रूप में** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-III)** |
| क्रिया के 'पद-परिचय' में होता है– | **वाच्य, पुरुष, लिंग, वचन, काल तथा वह शब्द जिससे क्रिया का सम्बन्ध है** | **UPSI 25/11/2021 (Shift-II)** |
| 'टहलना एक अच्छा व्यायाम है' में 'टहलना' है– | **क्रियात्मक संज्ञा** | **UPSI 12/11/2021 (Shift-III)<br>UPSI 24/11/2021 (Shift-I)** |
| मूल अकर्मक धातुओं के साथ प्रत्यय जोड़कर बनाई गई क्रिया .................. धातुएँ कहलाती हैं– | **साधित सकर्मक धातु** | **UPSI 12/11/2021 (Shift-I)** |
| 'तुम्हारा आना खुशी की बात है' वाक्य में शब्द 'आना' है– | **क्रिया** | **[UPPSC AE 2011]** |
| **सकर्मक क्रिया** | | |
| सकर्मक क्रिया का उदाहरण है- | **रमेश ने खिलौने खरीदे।** | **UPP Constable 17.02.2024 (Shift-II)** |
| दिये गए वाक्य में क्रिया के भेद लिखिए।<br>श्याम अपना पाठ बाएँ हाथ से लिखता है- | **सकर्मक** | **UPP Assistant Operator 04.02.2024 (Shift-I)** |
| वाक्य सकर्मक क्रिया वाला है- | **सतीश ने केले खरीदे।** | **UPP Constable Re-Exam 31.08.2024 (Shift-II)** |

| | | |
|---|---|---|
| सिपाही चोर को पकड़ता है। दिए गए वाक्य में क्रिया का प्रयोग हुआ है– | **सकर्मक** | **VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)** |
| 'राम सेब खाता है।' इस वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **सकर्मक क्रिया** | **UPSI 12/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 15/11/2021 (Shift-III)** |
| जिस क्रिया का फल कर्त्ता पर न पड़कर कर्म पर पड़े, उसे कहते हैं– | **सकर्मक क्रिया** | **UPSI 13/11/2021 (Shift-III)**<br>**UPSI 14/11/2021 (Shift-II)**<br>**[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]** |
| 'मोहन किताब पढ़ता है।' इस वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **सकर्मक क्रिया** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-III)** |
| 'मोहन बाजार पहुँच गया।' इस वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **सकर्मक क्रिया** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-II)** |
| 'सीता गाना गा रही है।' इस वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **सकर्मक क्रिया** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-II)** |
| बालिका निबंध लिख रही है। दिए गए वाक्य में क्रिया है– | **सकर्मक क्रिया** | **UPSI 24/11/2021 (Shift-I)** |
| 'श्याम बाजार जा रहा है।' इस वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **सकर्मक क्रिया** | **UPSI 29/11/2021 (Shift-III)** |
| सोहन केला खाता है। इस वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **सकर्मक क्रिया** | **UPSI 16/11/2021 (Shift-I)** |
| 'राम श्याम की किताब पढ़ता है।' इस वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **सकर्मक क्रिया** | **UPSI 17/11/2021 (Shift-I)** |
| उसने कार बेच दी। दिए गए वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **सकर्मक क्रिया** | **(Chhattisgarh PSC (Pre) 2012-13)** |
| 'बालक इस पुस्तकालय में पढ़ रहा है।' वाक्य में.......... क्रिया है– | **सकर्मक** | **लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018** |
| यदि 'उजड़ना' अकर्मक क्रिया है, तो इसकी सकर्मक क्रिया होगी– | **उजाड़ना** | **UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018** |
| 'मोहन पिताजी को पत्र लिख रहा है।' वाक्य में क्रिया का .......... भेद प्रयुक्त हुआ है– | **सकर्मक** | **UPSI Batch-II 13 Dec.2017** |
| चलना, सोना, मुस्कुराना, लिखना। दिए गए वाक्यों में सकर्मक क्रिया वाला शब्द है– | **लिखना** | **UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**<br>**इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017** |
| यदि 'मुड़ना' अकर्मक क्रिया है, तो इसकी सकर्मक क्रिया होगी– | **मोड़ना** | **UPPCL ARO, 2018** |
| विद्यार्थी लिखता है। दिए गए वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **सकर्मक क्रिया** | **[UPPSC AE 2013]** |
| **अकर्मक क्रिया** | | |
| क्रिया के भेद का चयन करें।<br>सीढ़ी चढ़ते समय पैर फिसल कर रोहण गिर पड़ा- | **अकर्मक** | **UPP Assistant Operator 02.02.2024 (Shift-II)** |
| वाक्य में अकर्मक क्रिया है- | **पानी बरस रहा है।** | **UPP Constable Re-Exam 30.08.2024 (Shift-II)** |
| वाक्य में 'अकर्मक क्रिया' का प्रयोग किया गया है- | **बालक बहुत देर से रो रहा है।** | **UPP Constable Re-Exam 31.08.2024 (Shift-I)** |
| 'चलना, फिरना, दौड़ना' कैसी क्रिया है– | **अकर्मक क्रिया** | **UPP Constable Re-Exam ( 24.08.2024 Shift-I)** |
| शिशु रो रहा है। वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **अकर्मक** | **DSSSB PRT 24.03.2022 (Shift-III)**<br>**UPSI 16/11/2021 (Shift-III)** |
| अकर्मक क्रिया का प्रभाव पड़ता है– | **कर्त्ता पर** | **UPSI 15/11/2021 (Shift-II)** |
| 'सीता सोयी है।' इस वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **अकर्मक क्रिया** | **UPSI 21/11/2021 (Shift-III)** |
| 'श्याम हँसता है' में क्रिया है। | **अकर्मक** | **UPSI 25/11/2021 (Shift-III)** |

| | | |
|---|---|---|
| 'मनोहर सो रहा है' वाक्य में क्रिया का भेद होगा– | **अकर्मक** | **UPSI 28/11/2021 (Shift-III)**<br>**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift** |
| 'राम हँसता है।' इस वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **अकर्मक क्रिया** | **UPSI 29/11/2021 (Shift-III)** |
| 'मीरा जोर से हँसी' दिए गए वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **अकर्मक** | **अमीन परीक्षा, 2016** |
| पानी बरस रहा है। दिए गए वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **अकर्मक** | **लोअर-1 परीक्षा, 2015** |
| 'चिड़िया आकाश में उड़ रही है।' इस वाक्य में 'उड़ रही' क्रिया का प्रकार है– | **अकर्मक** | **लेखपाल भती परीक्षा 2008** |
| हवा चल रही है। दिए गए वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **अकर्मक** | **[UPPSC AE 2011]** |
| लड़की रोती है। दिए गए वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **अकर्मक** | **[UPPSC AE 2013]** |
| **द्विकर्मक क्रिया** | | |
| क्रिया के भेद चयन कीजिए।<br>राम ने सोहन को एक कीमती कलम दिया। (दिया)- | **द्विकर्मक** | **UPP Assistant Operator 03.02.2024 (Shift-II)** |
| क्रिया के भेद चयन करें।<br>दीपावली के दिन सभी दीप जलाकर मिठाईयाँ खातें हैं।– | **द्विकर्मक** | **UPP Head Operator 31.01.2024 (Shift- II)** |
| वाक्य में क्रिया के भेद बताइए।<br>किराएदार को मकान दिखाओ- | **द्विकर्मक** | **UPP Workshop Staff 29.01.2024 (Shift-I)** |
| दीपा ने गाय को चारा खिलाया। दिए गए वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **द्विकर्मक क्रिया** | **[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]** |
| **प्रेरणार्थक क्रिया** | | |
| 'राधा ने पायल से चिट्ठी लिखवाई।' इस वाक्य में क्रिया है- | **प्रेरणार्थक क्रिया** | **UPP Constable 17.02.2024 (Shift-I)** |
| वाक्य में क्रिया के भेद का चयन कीजिए। जमींदार किसानों से खेत जुतवाते हैं- | **प्रेरणार्थक** | **UPP Assistant Operator 01.02.2024 (Shift-I)** |
| ......... प्रेरणार्थक क्रिया है– | **जगाना** | **UPP Constable Re-Exam ( 25.08.2024 Shift-II)** |
| निम्न वाक्य में से क्रिया के भेद को चुनें।<br>माँ ने बच्चों को बाहर भिजवाया। (भिजवाया)– | **प्रेरणार्थक** | **UPP Head Operator 30.01.2024 (Shift- III)** |
| मालिक नौकर से सफाई करवाता है। दिए गए वाक्य में क्रिया का प्रकार है– | **प्रेरणार्थक क्रिया** | **DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)** |
| राम लक्ष्मण से पत्र लिखवाता है–इस वाक्य में क्रिया का रूप है– | **प्रेरणार्थक क्रिया** | **UPSI 02/12/2021 (Shift-I)**<br>**नायब तहसीलदार परीक्षा, 1992** |
| 'माँ ने पिताजी से सामान मँगवाया' यहाँ क्रिया का रूप है– | **प्रेरणार्थक** | **UPSI Batch - II 19 Dec.2017** |
| गिरना, बोलना, सुनाना, कहना। दिए गए वाक्य में प्रेरणार्थक क्रिया है– | **सुनाना** | **UPP Constable 18.06.2018 I$^{st}$ Shift**<br>**DSSSB PGT - 23.07.2018** |
| यदि 'दौड़ना' अकर्मक क्रिया है, तो इसकी प्रेरणार्थक क्रिया होगी– | **दौड़वाना** | **UPPCL Stenographer, 2018** |
| उठना, उड़ना, दिलाना, चलना। दिए गए शब्दों में प्रेरणार्थक क्रिया वाला शब्द है– | **दिलाना** | **[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]** |
| यदि 'ओढ़ना' अकर्मक क्रिया है, तो इसकी प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया होगी– | **उढ़ाना** | **UPPCL ARO, 2018** |
| उठना, चमकना, गिराना, देना। दिए गए शब्दों में प्रेरणार्थक क्रिया वाला शब्द है– | **गिराना** | **UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift** |
| 'जागना' मूल रूप क्रिया का प्रथम प्रेरणार्थक रूप होगा– | **जगाना** | **DSSSB TGT SCIENCE, 29/09/2018, II Sift**<br>**UPP Constable, 19.06.2018 IInd Shift** |

## पूर्वकालिक क्रिया

| | |
|---|---|
| ''बाजार से आकर गीता खाना पकाएगी।'' इस वाक्य में 'आकर' ......... क्रिया का उदाहरण है- **पूर्वकालिक क्रिया** | **UPP Constable 18.02.2024 (Shift-II)** |
| जब कर्त्ता एक काम समाप्त कर उसी क्षण दूसरी क्रिया में प्रवृत्त हो जाए तो उस पहली क्रिया को कहते हैं– **पूर्वकालिक क्रिया** | **UPSI 21/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 12/11/2021 (Shift-III)**<br>**[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]** |
| 'पंडित जी हवन करा कर कथा कह रहे हैं' में 'करा कर' में क्रिया है– **पूर्वकालिक क्रिया** | **VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)** |
| 'चोर उठ भागा'- यह वाक्य क्रिया का उदाहरण है– **पूर्वकालिक क्रिया** | **UPSI 15/11/2021 (Shift-I)** |
| 'अब पढ़कर क्या होगा'-इस वाक्य में क्रिया है– **पूर्वकालिक क्रिया** | **UPSI 27/11/2021 (Shift-II)**<br>**चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015** |
| रोहन चाय पीकर बैठ गया। दिए गए वाक्य में क्रिया के भेद है– **पूर्वकालिक** | **[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]** |
| हथियाना, चिकनाना। क्रिया है– **नामधातु क्रिया** | **लोअर-I परीक्षा 2015**<br>**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift** |
| उसने मेरी सारी संपत्ति हथिया ली। दिए गए वाक्य में क्रिया है– **नामधातु क्रिया** | **VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)**<br>**कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा,2023** |
| जो क्रिया संज्ञा या विशेषण से बनती है उसे कहते हैं– **नाम धातु** | **UPSI 28/11/2021 (Shift-II)** |
| तुम्हें कार बिल्कुल नहीं मिलेगी। दिए गए वाक्य की वृत्ति है– **निश्चियार्थक** | **DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)** |
| वह मेरे घर आया करता है। दिए गए वाक्य में क्रिया का प्रकार है– **संयुक्त क्रिया** | **DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)** |
| वह अनेक बोलियाँ बोलता है। इस वाक्य में क्रिया का प्रकार है– **सजातीय क्रिया** | **UPSI 25/11/2021 (Shift-III)** |
| क्रिया के मूल रूप को ........... कहते हैं– **धातु** | **UPSI Batch - I 12 Dec.2017**<br>**UPP CONSTABLE, 2017**<br>**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**<br>**UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift-II**<br>**UPSI, 2016**<br>**उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016**<br>**उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)** |
| 'चूड़ी अच्छी थी' में 'थी' क्रिया है– **योजक क्रिया** | **कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016** |
| भारत कहाँ से कहाँ आ गया है? रेखांकित क्रिया भेद के अंतर्गत आएगी– **संयुक्त** | **इलाहाबाद हाईकोट & RGC, 2014** |
| 'पढ़ रहा था' इसमें क्रिया है– **संयुक्त क्रिया** | **स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015** |
| मूल अकर्मक धातुओं के साथ प्रत्यय जोड़कर बनाई गई क्रिया-धातुएँ कहलाती हैं– **साधित सकर्मक धातु** | **कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016** |

# 06

# विशेषण

## विशेषण

वे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए उसे 'विशेषण' कहते हैं। जिसकी विशेषता बताई जाए वह विशेष्य कहलाता है।




- **गुणवाचक विशेषण :** जिस शब्द से संज्ञा का गुण, दशा, स्वभाव आदि लक्षित हो, उसे 'गुणवाचक विशेषण' कहते हैं। गुणवाचक विशेषणों की संख्या सबसे अधिक है।
- **संख्यावाचक विशेषण :** जिन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या लक्षित होती हो, उसे 'संख्यावाचक विशेषण' कहते हैं। जैसे– चार बकरियाँ, तीस मास, कुछ गायें, सब महिलाएँ आदि।

**संख्यावाचक विशेषण के भेद–**




जिस विशेषण से वस्तु की निश्चित संख्या का बोध होता है, उसे 'निश्चित संख्यावाचक' विशेषण कहते है। जैसे- एक लड़का, चौबीस कमल आदि। निश्चित संख्यावाचक विशेषणों को निम्न भेदों में विभक्त किया जा सकता है।–

**निश्चित संख्यावाचक विशेषण-**




**अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण –** इनसे अनिश्चित संख्या का बोध होता है।
जैसे– **कुछ** आदमी चले गए। **कई** लोग आए थे।

**परिमाणबोधक विशेषण–**

जिन विशेषणों से संज्ञा अथवा सर्वनाम के परिमाण (माप या तौल) का बोध होता है, उन्हें परिमाणबोधक विशेषण कहते हैं।




- **निश्चित परिमाणबोधक विशेषण–** जिन विशेषणों से निश्चित परिमाण का बोध हो, उसे निश्चित परिमाणबोधक विशेषण कहते है। जैसे- **दो** सेर घी, **दस** हाथ जगह।
- **अनिश्चित परिमाणबोधक विशेषण–** जिन विशेषणों से अनिश्चित परिमाण का बोध होता है, उसे अनिश्चित परिमाण बोधक विशेषण कहते हैं। जैसे- **बहुत** दूध, **सब** धन, **पूरा** आनन्द।

**प्रविशेषण–** वे शब्द जो विशेषणों की विशेषता बतलाते हैं, प्रविशेषण कहलाते हैं।

**जैसे–** 1. राम **बहुत** तेज विद्यार्थी है।
2. क्षत्रिय **बड़े** साहसी होते हैं।

पं. कामता प्रसाद गुरु ने इसे 'अतंर्विशेषण' कहा है।

**विशेषण की तुलनावस्था–** इन्हें तुलनात्मक विशेषण भी कहा जाता है। विशेषण की तीन अवस्थाएँ तुलनात्मक रूप में हो सकती हैं।

| मूलावस्था | उत्तरावस्था | उत्तमावस्था |
|---|---|---|
| लघु | लघुतर | लघुतम |
| उच्च | उच्चतर | उच्चतम |
| सुन्दर | सुन्दरतर | सुन्दरतम |

## EXAM POINT

### परिभाषा एवं भेद

| | | |
|---|---|---|
| विशेषण शब्द है– | **खर्च** | **UPP Constable Re-Exam ( 23.08.2024 Shift-II)** |
| विशेषण शब्द है : | **सुन्दर** | **UPP Constable Re-Exam ( 23.08.2024 Shift-II)** |
| जो शब्द संज्ञा की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्या कहते हैं– | **विशेषण** | **UPP Constable Re-Exam ( 25.08.2024 Shift-I)** |
| आग, आग्नेय, अगिन। इन शब्दों में विशेषण वाला शब्द है– | **आग्नेय** | **UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016** |

| | |
|---|---|
| 'प्रविशेषण' को कामता प्रसाद गुरु ने कहा है– **अन्तर्विशेषण** | **UPPCS RO/ARO (Mains) 2021**<br>**UPSI 24.07.2017 (Shift-I)** |
| क्रिया के अलावा संज्ञा के लिंग के अनुसार ................ शब्दों के रूप परिवर्तित होते हैं– **विशेषण** | **[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]** |
| विशेषण का लिंग ................ के अनुसार होता है– **विशेष्य** | **UPSI 12/11/2021 (Shift-I)** |
| 'मुझे छोटी बच्ची के लिए कुछ नए कपड़े खरीदने हैं, वाक्य में विशेषण शब्दों की संख्या है– **3** | **UPSI 20/11/2021 (Shift-I)** |
| काला, तुम, शांत, आगामी। इन सभी शब्दों में वह शब्द जो विशेषण नहीं है– **तुम** | **UPSI 01/12/2021 (Shift-I)** |
| 'कण्ठ' का विशेषण होगा– **कण्ठ्य** | **[UKPSC AE 2012]** |
| 'एक रोटी और दो'। इस वाक्य में 'और' शब्द है– **विशेषण** | **[UPPSC AE 2011]** |
| 'लूट' धातु से निर्मित शब्दों में विशेषण है– **लुटेरा** | **[UPPSC AE 2013]** |
| कुसुम का विशेषण है– **कुसुमित** | **[UPSI 20.07.2017 Shift II]** |
| 'ऋषि' संज्ञा शब्द से विशेषण शब्द बनेगा– **आर्ष** | **UP RO (Pre.), 2013** |
| छोटा-बड़ा, हरा-पीला, दो-तीन, राम-लक्ष्मण। दिए गए शब्द युग्म में से एक शब्द युग्म विशेषण नहीं है वह युग्म है– **राम-लक्ष्मण** | **UP RO (Main), 2013** |
| उत्कृष्ट, निकृष्ट, धृष्ट, विषाद। दिए गए शब्द में से वह शब्द जो विशेषण नहीं है– **विषाद** | **UP RO (Pre.), 2010** |
| उपासना, उद्गार, आयतलोचना, वन्दना। दिए गए शब्द में विशेषण पद वाला शब्द है– **आयतलोचना** | **UP RO (Pre.), 2010** |
| लड़कपन, उचित, कठोरता, घबराहट। निम्न शब्दों में से विशेषण वाला शब्द है– **उचित** | **UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift-I** |
| स्त्री शब्द का विशेषण है– **स्त्रैण** | **UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift** |
| क्षम्य, फेन, शिक्षा, भ्रम। दिए गए शब्दों में विशेषण वाला शब्द है– **क्षम्य** | **UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift** |
| शासन, अनुशासन, अनुशंसा, अनुशासित। दिए गए शब्दों में से विशेषण शब्द है– **अनुशासित** | **व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली** |
| 'जैसा काम वैसा दाम' वाक्य में 'जैसा' शब्द है– **विशेषण** | **असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015** |
| 'अभ्यास' का विशेषण रूप है – **अभ्यासी** | **UDA/LDA परीक्षा, 2015** |
| 'निशा' का विशेषण रूप है – **नैश** | **UDA/LDA परीक्षा, 2015** |
| 'आलस' शब्द का विशेषण होगा– **आलसी** | **इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014** |
| 'चर्चा' शब्द से बना विशेषण है– **चर्चित** | **UPP, 2017** |
| पथरीला, नमकीन, बर्फीला, नमक। दिए गए इन शब्दों में से विशेषण शब्द नहीं है– **नमक** | **UPP, 2017** |
| शीतलता, बल, नया, वृद्धि। इन दिए गए शब्दों में विशेषण शब्द है– **नया** | **UPP Constable, 19.06.2018 I[st] Shift** |
| ऐतिहासिक, उपासना, आश्वासन, अपेक्षा। दिए गए शब्दों में से विशेषण वाला शब्द है– **ऐतिहासिक** | **UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift** |
| 'वह बहुत धार्मिक व्यक्ति है', वाक्य में रेखांकित पद है– **विशेषण** | **UPP Constable 18.06.2018 II[nd] Shift**<br>**UPPCL ARO. 2018** |
| मजहब, नैतिक, पीड़ा, अज्ञान। इनमें से विशेषण है– **नैतिक** | **UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift** |
| 'वहाँ भयंकर दुर्घटना हुई है।' रेखांकित पद ............ है– **विशेषण** | **इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016**<br>**UP RO (Pre.) 2013**<br>**UP RO (Pre.) 2010** |

| | |
|---|---|
| आंतरिक, अंतर, आग्नेय, अधिकारी। दिए गए शब्दों में विशेषण वाला शब्द नहीं है– **अंतर** | **UPSI 30/11/2021 (Shift-III)**<br>**UPSI 28/11/2021 (Shift-III)**<br>**UKPSC AE 2013**<br>**UP RO (Main) 2010** |
| 'बसंत के मौसम में पीले फूल खिलते हैं'- प्रस्तुत वाक्य में विशेषण है– **पीले** | **UPSI Batch - I 12 Dec.2017** |
| ''मैंने अपना घर मटमैले रंग का रंगवाया है।'' इसमें 'मटमैला शब्द है– **विशेषण** | **UPSI Batch - I 12 Dec.2017** |
| विशेषण जिसकी विशेषता बताता है– **विशेष्य** | **[UPSI 19.07.2017 Shift II]** |
| विशेषण के प्रकार होते हैं– **4** | **UPSI 13/11/2021 (Shift-I)**<br>**उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018**<br>**[UPSI 24.07.2017 Sift I]** |
| **गुणवाचक विशेषण** | |
| 'ईमानदार' शब्द में विशेषण है- **गुणवाचक विशेषण** | **UPP Constable 17.02.2024 (Shift-II)** |
| एक विशेषण शब्द है :– **महत्** | **UPP Constable Re-Exam ( 24.08.2024 Shift-I)** |
| 'इन्द्रिय' का विशेषण शब्द है– **ऐन्द्रिय** | **UPP Constable Re-Exam ( 24.08.2024 Shift-II)** |
| 'हजारों लोगों ने उसे देखा है' – वाक्य में विशेषण है- **हजारों** | **UPP Constable Re-Exam 31.08.2024 (Shift-II)** |
| पतला, अर्थ, परिवार, परलोक। दिए गए शब्दों में से वह शब्द जो मूल रूप से विशेषण है– **पतला** | **UPPCS RO/ARO (Mains) 2021** |
| मात्र, खर्च, निपट, चुपचाप। निम्न शब्द में विशेषण है– **निपट** | **[UPSI 21.07.2017 Shift II]** |
| हमारे विद्यालय के पास आम का एक विशाल वृक्ष है। दिए गए वाक्य में गुणवाचक विशेषण है– **विशाल** | **DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)** |
| 'सफेद कमीज' में विशेषण है– **गुणवाचक** | **UPSI 12/11/2021 (Shift-III)** |
| शब्द ''भाषण'' के लिए उपयुक्त विशेषण होगा– **ओजस्वी** | **UPSI 13/11/2021 (Shift-III)** |
| ''चाय फीकी है।'' इस वाक्य में 'फीकी' शब्द का विशेषण है– **गुणवाचक विशेषण** | **UPSI 22/11/2021 (Shift-III)**<br>**UPSI 22/11/2021 (Shift-I)**<br>**UPSI 25/11/2021 (Shift-I)** |
| 'अच्छे बच्चे कभी झूठ नहीं बोलते हैं।'- इस वाक्य में शब्द 'अच्छे' विशेषण का प्रकार है– **गुणवाचक विशेषण** | **UPSI 22/11/2021 (Shift-I)**<br>**UPSI 01/12/2021 (Shift-III)** |
| मोहन एक शालीन लड़का है। इस वाक्य में 'शालीन' शब्द है– **गुणवाचक विशेषण** | **UPSI 24/11/2021 (Shift-I)** |
| ''श्रीदेवी के लिए सु वर मिला है''- इस वाक्य में 'सु' विशेषण है– **गुणवाचक विशेषण** | **UPSI 27/11/2021 (Shift-II)** |
| 'संस्कृति' का विशेषण है– **सांस्कृतिक** | **UPSI 28/11/2021 (Shift-III)**<br>**UPSI 24/11/2021 (Shift-I)** |
| 'अतिरंजन' शब्द का 'विशेषण' है– **अतिरंजित** | **UPSI 28/11/2021 (Shift-III)** |
| ''रामायण सुंदर रचना है।'' -इस वाक्य में 'सुंदर' है– **गुणवाचक विशेषण** | **UPSI 29/11/2021 (Shift-I)** |
| 'काँटा' का विशेषण है– **कंटीला** | **UPSI 30/11/2021 (Shift-III)** |
| 'विद्वान व्यक्ति पूज्य होते हैं' वाक्य में प्रयुक्त विशेषण है– **गुणवाचक** | **UPSI 30/11/2021 (Shift-I)**<br>**UP RO (Pre.) 2010** |
| 'अध्यात्म' शब्द का विशेषण है– **आध्यात्मिक** | **UPSI 02/12/2021 (Shift-II)** |
| 'सच्चे देशभक्त सदा अभिनंदनीय हैं।'-इस वाक्य में 'सच्चे' शब्द है– **गुणवाचक विशेषण** | **UPSI 20/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 20/11/2021 (Shift-I)** |
| अच्छा, दानी, न्यायी, कृपालु। दिए गए शब्द हैं– **गुणबोधक विशेषण** | **UPSI Batch - II 12 Dec.2017** |
| ''चीनी, मद्रासी, बिहारी'' आदि शब्द है– **स्थान बोधक विशेषण** | **UPSI Batch - III 14 Dec.2017** |

| | |
|---|---|
| 'नीली साड़ी' में विशेषण है– **गुणवाचक** | **UP RO (Pre.), 2013** |
| 'गुणवाचक विशेषण' के भेद हैं– **सात** | **UP RO (Pre), 2010** |
| 'समझदार' शब्द विशेषण का .......... भेद है– **गुणवाचक विशेषण** | **उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 ( प्रथम पाली )** |
| 'मोह' शब्द में विशेषण है– **गुणवाचक** | **UPSI Batch - I 20 Dec.2017** |
| 'मीठा अमरूद' में 'मीठा' विशेषण है– **गुणवाचक** | **UP RO (Main), 2013** |
| 'पर्वतीय' शब्द में विशेषण है– **गुणवाचक विशेषण** | **UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift** |
| आगरा, चमकीला, कुछ, लिखना। इन शब्दों में विशेषण वाला शब्द है– **चमकीला** | **UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift** |
| बनारसी शब्द में विशेषण है– **गुणवाचक** | **[UPSI 20.07.2017 Shift II] UP RO (Mains) 2014** |
| 'लम्बाई' से विशेषण बनेगा- **लम्बा** | **[UPPSC AE 2013]** |
| 'एक गिलास दूध लाओ' वाक्य में विशेषण नहीं है– **गुणवाचक** | **[UPPSC AE 2013]** |
| 'काला कपड़ा' में विशेषण है– **गुणवाचक** | **UPPCS RO/ARO (Pre.) 2021 UP RO (Pre.) 2010 [UPPSC AE 2008]** |
| सीता, हमारा, नीला, रोना। इन शब्दों में वह शब्द जो विशेषण है– **नीला** | **[UKPSC AE 2017]** |
| वह नटखट बालक संगीत नहीं सुन रहा है। दिए गए वाक्य में विशेषण प्रयोग किया गया है– **गुणवाचक विशेषण** | **UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016** |
| 'सतीश चंचल बालक है' इस वाक्य में 'चंचल' शब्द है– **गुणवाचक विशेषण** | **UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016** |
| 'बुद्धिहीन' शब्द व्याकरण की दृष्टि से है– **गुणवाचक विशेषण** | **UPPSC AE 13.12.2020** |
| उचित, पाँचवाँ, कुछ, तीन। दिए गए शब्दों में से वह शब्द जो 'गुणवाचक' विशेषण है– **उचित** | **UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016** |
| श्रीमान, दानी, सुन्दर, चमकीला। दिए गए शब्दों में से वह शब्द जो विशेषण शब्द संज्ञा से नहीं बना है– **सुन्दर** | **UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016** |

## सार्वनामिक विशेषण

| | |
|---|---|
| यह पुस्तक किसकी है? में रेखांकित शब्द का पद है– **सार्वनामिक विशेषण ( पुस्तक विशेष्य ), एकवचन, स्त्रीलिंग** | **[UPTET (I-V) 18.11.2018]** |
| यह विद्यालय मेरा है। इस वाक्य में शब्द 'यह' है– **सार्वनामिक विशेषण** | **BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)** |
| 'वह छात्र कक्षा में प्रथम आया है' – वाक्य में रेखांकित शब्द है– **सार्वनामिक विशेषण** | **DSSSB PGT 04.07.2021 (Shift-I) KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I) UPSI 20/11/2021 (Shift-I)** |
| 'कोई आदमी आया है' वाक्य में प्रयुक्त विशेषण है– **अनिश्चयवाचक विशेषण** | **UPPCS (Pre.) CSAT 2023 II[nd] Paper UPPCS RO/ARO (Pre) 2021** |
| ऐसा, मैं, तुम्हारा, जैसे। दिए गए शब्दों में वह शब्द जो सार्वनामिक विशेषण शब्द नहीं है– **मैं** | **SSC GD Constable 13-01-2023 (5.15-6.15)** |
| उस कुर्सी को यहाँ रख दो। दिए गए रेखांकित शब्द का विशेषण भेद है– **सार्वनामिक विशेषण** | **DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)** |
| यौगिक सार्वनामिक विशेषण का उदाहरण है– **ऐसा आदमी नहीं देखा** | **UPSI 13/11/2021 (Shift-I)** |

| | |
|---|---|
| 'यह किताब मेरी है।'– इस वाक्य में 'यह' शब्द है– **सार्वनामिक विशेषण** | **UPSI 16/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 24/11/2021 (Shift-III)**<br>**UPSI Batch-II 16 Dec. 2017** |
| 'वह नौकर नहीं आया।' वाक्य में 'वह' शब्द है– **सार्वनामिक विशेषण** | **UPPCS Stenographer, 2018**<br>**UP RO (Pre.), 2014** |
| 'उस ग्रंथ में 500 पृष्ठ हैं'– इस वाक्य में 'उस' शब्द है– **संकेतवाचक विशेषण** | **UP RO (Main), 2014** |
| शब्द 'उसका' हिन्दी व्याकरण के अनुसार 'विशेषण' के भेदों की श्रेणी में आता है– **सार्वनामिक विशेषण** | **UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018** |
| ''यह कुत्ता मेरा है।'' इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण का प्रकार है– **सार्वनामिक** | **UPSSSC Tubewell Operator 12-01-2019**<br>**UPSI 22.07.2017 (Shift-I)**<br>**UPSI 21.07.2017 (Shift-II)**<br>**UPSI Batch - II 22 Dec.2017** |
| '<u>कोई</u> बच्चा नहीं खेलेगा।' रेखांकित शब्द है– **सार्वनामिक विशेषण** | **Bihar Primary Teacher-2023 (Shift-II)**<br>**UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 (Shift-II)**<br>**वन रक्षक परीक्षा, 2015** |
| उस घर में मेरा दोस्त रहता है। उक्त वाक्य में विशेषण है– **सार्वनामिक** | **[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]** |
| **संख्यावाचक विशेषण** | |
| विशेषण संख्या को दर्शाता है- **दर्जन** | **UPP Constable 18.02.2024 (Shift-I)** |
| 'सतसई' शब्द में किस प्रकार के संख्याबोधक विशेषण का प्रयोग है- **समुच्चयबोधक विशेषण** | **UPP Constable 17.02.2024 (Shift-I)** |
| 'पहली पुस्तक वापस करो'। शब्द 'पहली' में विशेषण है– **क्रमवाचक विशेषण** | **UPSI 24/11/2021 (Shift-II)** |
| तीन, चौगुना, दो, दूसरा। दिए गए शब्दों में से वह शब्द जो क्रमवाचक विशेषण का उदाहरण है– **दूसरा** | **UPSI 14/11/2021 (Shift-I)** |
| 'मैं <u>आठवीं</u> कक्षा में पढ़ता हूँ', वाक्य में रेखांकित शब्द है – **संख्यावाचक विशेषण** | **KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)** |
| सीधा, दो दर्जन, डरपोक, नया। इनमें से संख्यावाचक विशेषण वाला शब्द है– **दो दर्जन** | **UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)** |
| 'प्रयागराज' में दसवाँ व्यक्ति कोरोना पीड़ित है।' में दसवाँ शब्द है– **क्रमवाचक विशेषण** | **UPPCS RO/ARO (Pre) 2021** |
| 'सौ गुना लम्बा' में विशेषण का भेद है– **आवृत्तिवाचक** | **UPPCS RO/ARO (Pre) 2021** |
| सोहन तुमसे (चौगुना) काम करता है। शब्द 'चौगुना' है– **संख्यावाचक विशेषण** | **DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)**<br>**UPSI 15/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI Batch-I 15 Dec. 2017**<br>**UPPCS RO/ARO (Mains) 2021** |
| 'अध्यापक ने मुझे चार पुस्तकें दीं।' इस वाक्य में शब्द 'चार' है– **संख्यावाचक विशेषण** | **UPSI 29/11/2021 (Shift-II)**<br>**UPSI 01/12/2021 (Shift-II)** |
| दूसरा, दोनों, दूना, दो। दिए गए शब्दों में से क्रमवाचक विशेषण का शब्द है– **दूसरा** | **UPSI 13/11/2021 (Shift-III)** |
| 'नौ रस हैं'। - इस वाक्य में 'नौ' है– **संख्यावाचक विशेषण** | **UPSI 23/11/2021 (Shift-II)** |

| | |
|---|---|
| 'मेरी बहन दसवीं कक्षा में पढ़ती है।' इस वाक्य में 'दसवीं' शब्द है– **संख्यावाचक विशेषण** | **UPSI 25/11/2021 (Shift-III)** |
| 'मुझे दस दिन की छुट्टी चाहिए।' इस वाक्य में शब्द 'दस' है– **संख्यावाचक विशेषण** | **UPSI 27/11/2021 (Shift-II)** |
| 'सभा में पचासों लोग थे' वाक्य में विशेषण का भेद है– **अनिश्चित संख्यावाचक** | **UPSI 28/11/2021 (Shift-III)** |
| 'राम एक पुस्तक मुझे दो।' इस वाक्य में शब्द 'एक' है– **संख्यावाचक विशेषण** | **UPSI 29/11/2021 (Shift-I)** |
| भद्दा, बीस मीटर कपड़ा, सुंदर, चार कुर्सियाँ। उक्त शब्दों में संख्यावाचक विशेषण से सम्बन्धित शब्द है– **चार कुर्सियाँ** | **UPSI 01/12/2021 (Shift-I)** |
| तीन, तीसरा, तिगुना, तीनों। इनमें से गणनावाचक विशेषण से सम्बन्धित शब्द है– **तीन** | **UPSI 02/12/2021 (Shift-I)** |
| 'एक लड़का स्कूल जा रहा है', इस वाक्य में विशेषण है– **गणनावाचक विशेषण** | **UPSI Batch - I 15 Dec.2017** |
| 'चौथा व्यक्ति ज्यादा होशियार है।' इस वाक्य में शब्द 'चौथा' है– **संख्यावाचक विशेषण** | **UPSI Batch - III 22 Dec.2017**<br>**UPRO (Pre.) 2014** |
| 'पच्चीस रुपये दीजिए' वाक्य में विशेषण है– **निश्चित संख्यावाचक** | **UPSI Batch - III 13 Dec.2017** |
| 'तीसरा' शब्द में विशेषण है– **क्रमवाचक विशेषण** | **UP RO (Pre.), 2014** |
| सरपंच, पाँचवाँ, प्रपंच, पहुँच। दिए गए शब्दों में से विशेषण से सम्बन्धित शब्द है– **पाँचवाँ** | **UP RO (Pre.) 2013, 2010** |
| सात, काला, रावण, खट्टा। इनमें संख्यावाचक विशेषण वाला शब्द है– **सात** | **UP RO (Main), 2013** |
| कुछ लोग इधर ही आ रहे हैं। वाक्य के रेखांकित अंश में विशेषण है– **अनिश्चित संख्यावाचक** | **DSSSB TGT (Female) 04.09.2021 (Shift-I)**<br>**इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017** |
| "चंद रुपए बचाने के चक्कर में कई लोगों को शर्मसार होना पड़ा।" इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण का भेद है– **अनिश्चित संख्यावाचक** | **UPSI Batch - I 22 Dec.2017** |
| **परिमाणवाचक विशेषण** | |
| "दिनेश रोज चार लीटर दूध पीता है।" इस वाक्य में 'चार लीटर' किस प्रकार का विशेषण है- **परिमाणवाचक विशेषण** | **UPP Constable 18.02.2024 (Shift-II)** |
| 'वह बिलकुल थक गया है।' इस वाक्य में क्रिया-विशेषण है- **परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण** | **UPP Constable 17.02.2024 (Shift-II)** |
| वाक्य में से क्रिया-विशेषण के भेद का चयन करें।<br>वह बहुत चावल खाता है। (बहुत)- **परिमाण वाचक** | **UPP Assistant Operator 04.02.2024 (Shift-II** |
| 'एक लीटर दूध दो।' इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण-भेद का नाम है– **परिमाणवाचक** | **UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)** |
| 'वह बहुत खाता है' इस वाक्य में प्रयुक्त 'बहुत' शब्द है– **परिमाणबोधक विशेषण** | **UPPCS RO/ARO (Mains) 2021** |
| 'थोड़ी सी नमकीन खरीद लाओ।' दिए गए वाक्य में विशेषण है– **अनिश्चित परिमाणवाचक** | **DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- III)** |
| 'आज मुझे बहुत काम है।'– इस वाक्य में 'बहुत' है– **परिमाणवाचक विशेषण** | **UPSI 21/11/2021 (Shift-I)**<br>**UPSI 14/11/2021 (Shift-III)**<br>**UPSI 20/11/2021 (Shift-III)** |
| 'शायद आज आप ज्यादा व्यस्त हैं।' – इस वाक्य में शब्द 'ज्यादा' है– **परिमाणवाचक विशेषण** | **UPSI 23/11/2021 (Shift-I)** |
| 'आज मुझे थोड़ी-सी फुरसत मिली है।'– इस वाक्य में शब्द 'थोड़ी-सी' है– **परिमाणवाचक विशेषण** | **UPSI 27/11/2021 (Shift-I)**<br>**UPSI 25/11/2021 (Shift-II)** |
| 'शायद आज आप ज्यादा खाना खाए हैं।'– इस वाक्य में शब्द 'ज्यादा' है– **परिमाणवाचक विशेषण** | **UPSI 28/11/2021 (Shift-I)** |
| 'यह गाय अधिक दूध देती है' वाक्य में 'अधिक' विशेषण ......... विशेषता बता रहा है– **दूध की** | **UPSI 28/11/2021 (Shift-III)** |

| | | |
|---|---|---|
| ''मेरे कुर्ता–पाजामा में साढ़े तीन मीटर कपड़ा लगेगा'' वाक्य में विशेषण है– **परिमाणवाचक** | **DSSSB PRT 16.03.2022 (Shift-II)**<br>**UPSI Batch - I 13 Dec.2017** |
| 'थोड़ा-सा दूध गरम कर दो।' इस वाक्य में है– **अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण** | **UPSI Batch - III 22 Dec.2017**<br>**UPPSSC VDO 22/12/2018 II Shift**<br>**Jeve j#ekeâ hejer#ee, 2015** |
| 'काफी' में विशेषण है– **अनिश्चित परिमाणवाचक** | **UDA/LDA परीक्षा, 2015** |
| केवल, अनुमानतः, सर्वथा .......... यह विशेषण का प्रकार हैं– **परिमाणवाचक** | **UPSI Batch - II 21 Dec.2017** |
| ''आटे में थोड़ा नमक डालें'' वाक्य में प्रयुक्त व्याकरण है– **अनिश्चित परिमाण वाचक** | **UPSI Batch - III 19 Dec.2017** |
| 'मनोहर जीवनभर पूरा सुख भोगता रहा' इसमें विशेषण है– **परिमाणवाचक विशेषण** | **UP TET-2019 [CTET (VI-VIII) 08.01.2020]** |
| 'ऋषि की गाय बहुत दूध देती है।'– वाक्य में रेखांकित शब्द है– **परिमाणबोधक विशेषण** | **[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]** |
| 'वह बहुत खाता है।' इस वाक्य में 'बहुत' शब्द है– **अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण** | **UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018**<br>**UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016** |
| **विशेष्य** | |
| जिन संज्ञाओं की विशेषता बताई जाती है, उन्हें कहते हैं– **विशेष्य** | **UPPCS RO/ARO (Pre.) 2021**<br>**UPSI 14/11/2021 (Shift-I)**<br>**UDA/LDA परीक्षा, 2015**<br>**UP RO (Pre.), 2014** |
| अनासक्ति, अनासक्त, अनुशंसित, अपमानित। दिए गए शब्दों में वह शब्द जो विशेष्य है– **अनासक्ति** | **UP RO (Pre.), 2014** |
| 'राम बहुत बहादुर है।' इस वाक्य में वह शब्द जो विशेष्य है– **राम** | **UPSI 12/11/2021 (Shift-III)** |
| 'वह श्रेष्ठ उपासक है' वाक्य में प्रयुक्त विशेष्य है– **उपासक** | **UPSI 30/11/2021 (Shift-I)**<br>**UP RO (Pre.), 2010** |
| पौष्टिक, पाठकीय, भावुक, विषाद। दिए गए शब्दों में से वह शब्द जो विशेष्य है– **विषाद** | **UP RO (Pre.), 2014** |
| रामलला, बुद्धिमती स्त्री, रमापति, सीता-राम। इन शब्दों में से विशेष्य शब्द है– **सीता-राम** | **UP RO (Pre.), 2013** |
| उमा, कालिमा, मधुरिमा, महिमा। इन शब्दों में विशेष्य पद है– **उमा** | **UP RO (Pre.), 2010** |
| 'दशरथ के प्राण राम के लिए आकुल थे'। वाक्य में मुख्य विशेष्य है– **प्राण** | **UP RO (Main), 2010** |
| 'वह कृशकाय व्यक्ति दौड़ने लगा' – इस वाक्य में विशेष्य है– **व्यक्ति** | **UP RO (Pre), 2010** |
| **विशेषण** | |
| धर्म का विशेषण रूप- **धार्मिक** | **UPP Assistant Operator 08.02.2024 (Shift-II)** |
| दिए गए विशेषण रूप से रिक्त स्थान की पूर्ति करें।<br>किसी की उपेक्षा मत करो, तुम्हें तो________लोगों की सहायता करनी चाहिए। (उपेक्षा)- **उपेक्षित** | **UPP Assistant Operator 08.02.2024 (Shift-I)** |

| | | |
|---|---|---|
| ग्राम का विशेषण रूप- | **ग्रामीण** | **UPP Assistant Operator 07.02.2024 (Shift-II)** |
| प्रान्त का विशेषण रूप- | **प्रांतीय** | **UPP Assistant Operator 07.02.2024 (Shift-I)** |
| करुणा का विशेषण रूप- | **कारुणिक** | **UPP Assistant Operator 06.02.2024 (Shift-I)** |
| दिए गए शब्द के विशेषण रूप से रिक्त स्थान को भरिए। अपना मन पसंद रंग चुन लो, तुम ______ कपड़ों में बहुत सुन्दर लगते हो। (रंग)- | **रंगीला** | **UPP Assistant Operator 05.02.2024 (Shift-II)** |
| वाक्य में दिए गए शब्द के विशेषण रूप से खाली स्थान पूर्ति कीजिए। वह धर्म को मानता है इसलिए वह ________ कार्यों में भाग लेता है। (धर्म)- | **धार्मिक** | **UPP Assistant Operator 05.02.2024 (Shift-I)** |
| अध्यात्मक का विशेषण रूप- | **आध्यात्मिक** | **UPP Assistant Operator 04.02.2024 (Shift-II** |
| पर्वत का विशेषण रूप- | **पर्वतीय** | **UPP Assistant Operator 04.02.2024 (Shift-I)** |
| संज्ञा शब्द के विशेषण रूप से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। जले हुए काया से मरीज की_____ यंत्रणा को समझो। (काया)- | **कायिक** | **UPP Assistant Operator 03.02.2024 (Shift-II)** |
| अंश विशेषण रूप- | **आंशिक** | **UPP Assistant Operator 02.02.2024 (Shift-II)** |
| संचय का विशेषण रूप- | **संचित** | **UPP Assistant Operator 02.02.2024 (Shift-I)** |
| उत्साह का विशेषण रूप- | **उत्साहित** | **UPP Assistant Operator 01.02.2024 (Shift-II)** |
| पत्थर का विशेषण रूप- | **पथरीला** | **UPP Assistant Operator 01.02.2024 (Shift-I)** |
| 'मानव' शब्द का विशेषण रूप- | **मानवीय** | **UPP Constable Re-Exam 31.08.2024 (Shift-I)** |
| 'दान' शब्द का विशेषण रूप– | **दानी** | **UPP Head Operator 31.01.2024 (Shift- I)** |
| पूजा शब्द का विशेषण रूप– | **पूज्य** | **UPP Head Operator 30.01.2024 (Shift- III)** |
| तालु का विशेषण रूप- | **तालव्य** | **UPP Workshop Staff 30.01.2024 (Shift-I)** |
| पिता शब्द का विशेषण रूप लिखिए- | **पैतृक** | **UPP Workshop Staff 29.01.2024 (Shift-II)** |
| **विशेषण की अवस्थाएँ** | | |
| विशेषणों में तुलना के आधार पर अवस्थाएँ होती हैं– | **तीन** | **UPSI Batch - I 19 Dec.2017** |
| | | |
| 'न्यूनतम' विशेषण की अवस्था है– | **उत्तमावस्था** | **UPSI Batch - III 15 Dec.2017** |
| 'गुरु' का उत्तमावस्था है – | **गुरुतम** | **UDA/LDA परीक्षा, 2015** |
| 'महान' का उत्तरावस्था होगा– | **महत्तर** | **UDA/LDA परीक्षा, 2015** |
| वह विशेषण जिसमें दो प्राणियों, वस्तुओं इत्यादि के गुण दोष अथवा विशेषता की तुलना कर एक को दूसरे से बढ़ा चढ़ाकर बताया जाता है– | **उत्तरावस्था** | **[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]** |
| **अन्य** | | |
| वाक्य में 'अच्छा' शब्द का प्रयोग विशेषण के रूप में हुआ है– | **यह स्थान बहुत अच्छा है।** | **UPP Constable Re-Exam ( 23.08.2024 Shift-I)** |
| क्रिया-विशेषण के प्रकार और उनके उदाहरण का कौन-सा युग्म सही नहीं है– | **परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण सर्वत्र** | **UPP Constable Re-Exam ( 24.08.2024 Shift-I)** |

| | |
|---|---|
| वाक्य में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है- **वह विद्यार्थी है।** | **UPP Constable Re-Exam 30.08.2024 (Shift-II)** |
| अंक शब्द का विशेषण रूप- **अंकित** | **UPP Workshop Staff 29.01.2024 (Shift-I)** |
| 'खेलना' शब्द से बना विशेषण है– **खिलाड़ी** | **UPPCS RO/ARO (Pre) 2021** |
| दोनों ने (वैसा) ही किया और घर लौट आएँ। कोष्ठक में दिए गए शब्द के अनुसार विशेषण है– **संबंधवाचक** | **DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I)** |
| जहरीला, कोमल, उत्तरी, बड़ा। दिए गए शब्दों में से वह शब्द जो स्पर्शबोधक विशेषण है– **कोमल** | **UPSI 14/11/2021 (Shift-II)** |
| 'उर्वशी अत्यंत सुंदर है।' इसमें शब्द प्रविशेषण है– **अत्यंत** | **UPSI 25/11/2021 (Shift-III)** |
| 'समुद्री साँप में घातक परन्तु बहुत कीमती ज़हर पाया जाता है' वाक्य में हैं– **तीन विशेषण और दो विशेष्य** | **UP RO (Main), 2010** |
| 'सुगंधित कस्तूरी के लोभी शिकारी राजस्थानी हिरणों का अवैध शिकार करते हैं'–वाक्य में हैं– **चार विशेषण और चार विशेष्य** | **UP RO (Main), 2010** |
| 'भले और महान लोग उचित और संयमित व्यवहार करते हैं।' उपर्युक्त वाक्य में विशेषण विशेष्य हैं– **चार विशेषण और दो विशेष्य** | **UP RO (Pre.), 2010** |
| विशेषण की विशेषता बताने वाला शब्द कहलाता है– **प्रविशेषण** | **UPSI Batch - III 21 Dec.2017** |
| 'वह बहुत मधुर गाता है।' इनमें प्रविशेषण शब्द है– **बहुत** | **ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016**<br>**UDA/LDA hejer#ee-2015** |
| अर्चना <u>अत्यंत</u> सुन्दर है। रेखांकित पदों का भेद है– **प्रविशेषण** | **UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift** |
| ''भारत की सबसे चौड़ी नदी ब्रह्मपुत्र तथा सबसे लंबी नदी गंगा है।'' वाक्य में प्रयुक्त शब्द ''सबसे'' है– **प्रविशेषण** | **UPSI Batch - I 22 Dec.2017** |
| 'दुबई कितना <u>सुंदर</u> शहर है।' रेखांकित पद .......... है– **विधेय विशेषण** | **इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016** |
| 'एक प्रतिभासम्पन्न छात्र' का विशेषण है – **मेधावी** | **UP RO (Pre.), 2013** |
| ''इलाहाबादी अमरूद मीठे होते हैं।'' यहाँ विशेषता बताई जा रही है– **स्थान** | **UPSI Batch - III 21 Dec.2017** |
| ''आकाश'' शब्द से बनने वाला विशेषण होगा– **आकाशीय** | **UPPCL Stenographer, 2018** |
| कुटिलता, जटिलता, कौटिल्य, कुरूपता। दिए गए शब्दों में वह शब्द जो विशेषण नहीं है– **कौटिल्य** | **UP RO (Main), 2010** |
| `तुम कहाँ पढ़ते हो'– में किस कोटि का विशेषण प्रयुक्त हुआ है– **प्रश्नवाचक** | **UP RO (Main), 2013** |
| `लोभी' .................... विधि से निर्मित विशेषण है– **संज्ञा-विधि** | **UP RO (Main), 2013** |
| चने बेचकर वह लड़का लौट जाता है। दिए गए वाक्य में प्रयोग हुआ है– **विशेषण** | **[UPPSC AE 2011]** |
| 'मानसिक' विशेषण ......... मूल शब्द से बना है– **मानस** | **UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016** |
| ''चारित्रिक'' विशेषण शब्द का मूल शब्द है– **चरित्र** | **UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016** |
| ''सौर'' ......... मूल शब्द से बना विशेषण है– **सूर्य** | **UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016** |
| ''बैताल पचीसी'' विशेषण का उदाहरण है– **समुदायवाचक** | **UPSI Batch - III 19 Dec.2017** |

# 07 अव्यय

## अव्यय

'अव्यय' ऐसे शब्द को कहते हैं, जिसके रूप में लिंग, वचन, पुरुष,कारक इत्यादि के कारण कोई विकार उत्पन्न नहीं होता। अव्यय का रूपान्तर नहीं होता, इसलिए ऐसे शब्द अविकारी होते है। जैसे- जब, तब, अभी, इधर, उधर, किन्तु, परन्तु, बल्कि इत्यादि।

**अव्यय के चार भेद बताए गए हैं–**




**1. क्रिया विशेषण :**

जो अव्यय शब्द क्रिया, विशेषण या दूसरे क्रियाविशेषण की विशेषता बतलाते हैं, उन्हें क्रिया विशेषण कहा जाता है। अर्थ के आधार पर क्रिया विशेषण चार प्रकार के होते हैं।




■ **स्थानवाचक :**

(i). स्थितिवाचक - यहाँ, वहाँ, भीतर, बाहर।
(ii). दिशावाचक - इधर, उधर, दाएँ, बाएँ।

■ **कालवाचक :**

(i). समयवाचक - आज, कल, अभी, तुरन्त।
(ii). अवधिवाचक - रातभर, दिनभर, आजकल, नित्य।
(iii).बारंबारतावाचक - हर बार, कई बार, प्रतिदिन।

■ **परिमाणवाचक :**

(i). अधिकताबोधक- बहुत, खूब, अत्यन्त, अतिशय।
(ii). न्यूनताबोधक- जरा, थोड़ा, किंचित, कुछ।
(iii). पर्याप्तिबोधक- बस, यथेष्ट, काफी, केवल।
(iv). तुलनाबोधक- इतना, उतना, अधिक, कम।
(v). श्रेणीबोधक- बारी-बारी, तिल-तिल, थोड़ा-थोड़ा।

■ **रीतिवाचक :**

ऐसे,कैसे, वैसे, धीरे, अचानक, कदाचित्, अवश्य, इसलिए, तक, सा, तो, हाँ, जी, यथासंभव।

**2. संबंधबोधक –**

ऐसे अव्यय जो किसी संज्ञा के बाद आकर उस संज्ञा का संबंध वाक्य के दूसरे शब्द से दिखाते हैं, उन्हें संबंधबोधक कहते हैं। **जैसे–**

**1.** वह दिन **भर** काम करता रहा।
**2.** मैं विद्यालय **तक** गया था।
**3.** मनुष्य जल के **बिना** जीवित नहीं रह सकता।

**अन्य संबंधबोधक अव्यय–** अपेक्षा, समान, बाहर, भीतर, पूर्व, पहले, आगे, पीछे, संग, सहित, बदले, सहारे, आसपास, भरोसे, मात्र, पर्यन्त, भर, तक, सामने।

**3. समुच्चयबोधक–**

दो वाक्यों को परस्पर जोड़ने वाले शब्द समुच्चयबोधक अव्यय कहलाते है। इसके दो भेद होते हैं।

(i) समानाधिकरण, (ii) व्यधिकरण

■ समानाधिकरण समुच्चयबोधक के चार उपभेद हैं।

**क.** संयोजक- और, एवं, तथा।
**ख.** विभाजक- या, अथवा, किंवा, नहीं तो।
**ग.** विरोधक दर्शक- पर, परन्तु, लेकिन, किन्तु, मगर, वरन् ।
**घ.** परिमाणदर्शक- इसलिए, अतः, अतएव।

■ व्यधिकरण समुच्चयबोधक के भी चार उपभेद हैं।

**क.** कारणवाचक- क्योंकि, जोकि, इसलिए कि।
**ख.** उद्देश्यवाचक- कि, जो, ताकि।
**ग.** संकेतवाचक- जो-तो, यदि-तो, यद्यपि-तथापि।
**घ.** स्वरूपवाचक- कि, जो, अर्थात्, यानी।

**4. विस्मयादिबोधक अव्यय–**

जिन अव्ययों से शोक, घृणा, हर्ष आदि भाव ध्वनित होते हैं तथा जिनका संबंध वाक्य के किसी पद से नहीं होता, उन्हें विस्मयादिबोधक अव्यय कहते हैं। इस अव्यय के उपभेद निम्नलिखित हैं–

**क.** हर्षबोधक-अहा!, वाह- वाह!, जय!, शाबाश!
**ख.** शोकबोधक- आह!, ऊह!, त्राहि-त्राहि!
**ग.** आश्चर्यबोधक- वाह!, ओहो!, क्या!
**घ.** स्वीकारबोधक- हाँ!, जी हाँ!, अच्छा!, जी!, ठीक!
**ङ.** अनुमोदनबोधक- ठीक!, अच्छा!, हाँ-हाँ!
**च.** तिरस्कारबोधक- छिः!, हट!, धिक!, दुर!
**छ.** संबोधनबोधक- अरे!, रे!, अजी!, हे!

## निपात

मूल रूप से निपात का प्रयोग अव्यय के लिए होता है। लेकिन ये शुद्ध अव्यय नहीं होता है। इनका कोई लिंग, वचन नहीं होता। निपात का कार्य शब्दसमूह को बल प्रदान करना भी है। निपात कई प्रकार के होते है–

**जैसे–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | स्वीकृतिबोधक | – | हाँ, जी, जी हाँ |
| ii. | नकारबोधक | – | जी नहीं, नहीं |
| iii. | निषेधात्मक | – | मत |
| iv. | प्रश्नबोधक | – | क्या? |
| v. | विस्मयबोधक | – | काश |
| vi. | तुलनाबोधक | – | सा |
| vii. | अवधारणाबोधक | – | ठीक, करीब, लगभग |
| viii. | आदरबोधक | – | जी |
| ix. | बलदायक | – | तो, ही, सिर्फ, केवल |

■ **अव्यय का पद परिचयः**

वाक्य में अव्यय का पद परिचय देने के लिए अव्यय, उसका भेद, उससे संबंध रखने वाला पद के बारे में बताना चाहिए।

जैसे- वह अभी आया है।

इसमें 'अभी' अव्यय है। इसका पदान्वय होगा–

**अभी = कालवाचक अव्यय, 'आना' क्रिया का काल सूचित करता है। अतः 'आना' क्रिया का विशेषण है।**

# EXAM POINT

| | |
|---|---|
| **परिभाषा एवं भेद** | |
| 'भीतर' और 'बाहर' यह क्रिया-विशेषण के उदाहरण हैं- **स्थानवाचक** | **UPP Constable 18.02.2024 (Shift-I)** |
| दिए गए वाक्य में से क्रिया-विशेषण के भेद लिखिए।<br>रोज प्रातःकाल टहलना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। (रोज)- **कालवाचक** | **UPP Assistant Operator 08.02.2024 (Shift-II)** |
| वाक्य में क्रिया विशेषण के भेद का चयन करें।<br>भोजन के पश्चात वह आराम कर रहा है। (के पश्चात)- **कालवाचक** | **UPP Assistant Operator 07.02.2024 (Shift-I)** |
| क्रिया विशेषण के भेद लिखिए।<br>वह बहुधा पित्त का शिकार हो जाता है। (बहुधा)- **कालवाचक** | **UPP Assistant Operator 05.02.2024 (Shift-II)** |
| वाक्य में से क्रिया विशेषण के भेद का चयन करें।<br>किसान दिनभर खेत में काम करता है। (दिनभर)- **कालवाचक** | **UPP Assistant Operator 05.02.2024 (Shift-I)** |
| शीला ने कड़ी मेहनत की, इसलिए वह प्रथम आई। इस वाक्य में अव्यय को पहचानिए- **परिणामसूचक** | **UPP Assistant Operator 01.02.2024 (Shift-II)** |
| अव्यय के कितने भेद हैं– **4** | **UPP Constable Re-Exam ( 23.08.2024 Shift-II)** |
| अव्यय है– **आह** | **UPP Constable Re-Exam ( 24.08.2024 Shift-I)** |
| अव्यय का भेद नहीं है– **परिमाण बोधक** | **UPP Constable Re-Exam ( 30.08.2024 Shift-I)** |
| शब्द अव्यय नहीं है- **किसे** | **UPP Constable Re-Exam 31.08.2024 (Shift-I)** |
| 'मेरा बेटा हजारों में एक है' वाक्य में 'हजारों' है– **अव्यय** | **[UPPSC AE 2011]** |
| 'वह ऐसा दौड़ा कि सब पीछे रह गये' वाक्य में 'ऐसा' है– **अव्यय** | **[UPPSC AE 2011]** |
| 'आह' शब्द है– **अव्यय** | **ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015** |
| वर्तमान, नया, तथा, सुन्दर। दिए गए शब्दों में से अव्यय वाला शब्द है– **तथा** | **UPP Constable, 19.06.2018 I[st] Shift** |
| हमें <u>प्रतिदिन</u> सूर्य नमस्कार करना चाहिए। रेखांकित शब्द है– **अव्यय** | **UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift** |
| प्राचीन, मोटा, गरीब, और। दिए गये शब्दों में से अव्यय शब्द है– **और** | **UPP Constable 18.06.2018 I[st] Shif** |
| 'वह हमेशा अपने भाई के गीत गाता रहता है।' वाक्य में अव्यय पद है– **हमेशा** | **इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016** |
| वह काम नहीं करता। वाक्य में अव्यय पद है– **नहीं** | **उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 ( द्वितीय पाली )** |
| उत्तर, ठीक, जापान, कृष्णा। दिये गये शब्दों में से अव्यय शब्द है– **ठीक** | **UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift** |
| 'मैं वहाँ होकर आया हूँ।'– वाक्य में अव्यय शब्द है– **वहाँ** | **UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shif** |
| वह पढ़ता है <u>लेकिन</u> बात भी बहुत करता है। व्याकरण की दृष्टि से रेखांकित शब्द है– **अव्यय** | **UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift** |
| **क्रिया-विशेषण अव्यय** | |
| .......... शब्द क्रिया-विशेषण है- **धीरे-धीरे** | **UPP Constable 18.02.2024 (Shift-II)** |
| 'नहीं' कौन से प्रकार का रीतिवाचक क्रिया विशेषण है- **निषेधवाचक** | **UPP Constable 17.02.2024 (Shift-I)** |

| | |
|---|---|
| वाक्य में से क्रिया-विशेषण के भेद लिखिए।<br>वह योगाभ्यास भली-भाँति कर लेता है। (भली-भाँति)- **रीतिवाचक** | **UPP Assistant Operator 08.02.2024 (Shift-I)** |
| वाक्य में से क्रिया-विशेषण के भेद का चयन कीजिए।<br>मैं आपकी बात ध्यान से सुन रहा हूँ। (ध्यान से)- **रीति वाचक** | **UPP Assistant Operator 07.02.2024 (Shift-II)** |
| वाक्य में से क्रिया विशेषण के भेद का चयन करें।<br>वह ईमानदारी से काम करता है- **रीतिवाचक** | **UPP Assistant Operator 06.02.2024 (Shift-I)** |
| निम्न वाक्य में से अव्यय के प्रकार का चयन कीजिए।<br>अमित ध्यान से पढ़ता है- **रीतिवाचक क्रिया विशेषण** | **UPP Assistant Operator 02.02.2024 (Shift-II)** |
| दिए गए शब्द के क्रिया विशेषण के भेद लिखिए।<br>बच्चे धीरे-धीरे चल रहे थे। (धीरे-धीरे)- **रीतिवाचक** | **UPP Assistant Operator 02.02.2024 (Shift-I)** |
| 'मैं वहाँ होकर आया हूँ।' वाक्य में अव्यय शब्द है– **वहाँ** | **UPP Constable Re-Exam ( 24.08.2024 Shift-I)** |
| 'ऐसा लगा मानो बम फटा हो।' वाक्य में अव्यय है- **स्वरूपबोधक** | **UPP Constable Re-Exam 30.08.2024 (Shift-II)** |
| क्रिया-विशेषण के भेद बताइए।<br>चोर तेजी से भाग गया।- **रीतिवाचक** | **UPP Workshop Staff 30.01.2024 (Shift-I)** |
| धन के बिना व्यवसाय चलाना कठिन है।<br>इस वाक्य में अव्यय के प्रकार को पहचानें।– **संबंधबोधक** | **UPP Head Operator 31.01.2024 (Shift- II)** |
| क्रिया-विशेषण से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।<br>बुढापे के कारण दादाजी जल्दी नहीं चल पाते, वे ——— चलते हैं- **धीर** | **UPP Workshop Staff 29.01.2024 (Shift-II)** |
| क्रिया-विशेषण शब्द है– **तेज** | **UPP Constable Re-Exam ( 30.08.2024 Shift-I)** |
| 'रमेश अच्छा गाता है' वाक्य में अच्छा है– **क्रिया विशेषण** | **[UPPSC AE 2011]** |
| परिमाणवाचक विशेषण द्वारा बोध होता है– **क्रिया के नाप-तौल का** | **UPSI Batch - III 20 Dec.2017** |
| इस बार बारिश में बहुत ओले पड़े। दिए गए वाक्य में क्रियाविशेषण है– **परिमाणवाचक क्रियाविशेषण** | **[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]** |
| 'सरकार ने अंशतः प्रतिपूर्ति की है।'– इस वाक्य में प्रयोग हुआ है– **परिमाणवाचक क्रियाविशेषण** | **UPSI 24/11/2021 (Shift-III)** |
| ''उन्होंने पूर्णतया समर्थन किया है।''- इस वाक्य में प्रयोग हुआ है– **परिमाणवाचक क्रियाविशेषण** | **UPSI 16/11/2021 (Shift-II)** |
| 'रामू थोड़ी-सी मिठाई खाओ।'- इस वाक्य में शब्द 'थोड़ी-सी' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है– **परिमाणवाचक क्रियाविशेषण** | **UP TET (28.07.2021) Nirast Class-I-V**<br>**UPSI 16/11/2021 (Shift-II)** |
| 'अभिभावकों ने बच्चे के प्रति पर्याप्त ध्यान दिया है।'- इस वाक्य में क्रियाविशेषण का प्रयोग किया है– **परिमाणवाचक** | **UPSI 22/11/2021 (Shift-I)** |
| 'मैं आपके विचारों से अंशतः सहमत हूँ।'-इस वाक्य में प्रयोग हुआ है– **परिमाणवाचक क्रिया विशेषण** | **UPSI 28/11/2021 (Shift-I)** |
| 'मंत्री जी ने हड़ताल कर रहे श्रमिकों की समस्याओं को सुनने के लिए पर्याप्त समय दिया।' - इस वाक्य में क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है– **परिमाणवाचक** | **UPSI 01/12/2021 (Shift-III)** |
| 'आज हमारी बारी है।' दिए गए वाक्य में 'आज' पद है– **क्रिया-विशेषण** | **कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा,2023**<br>**UPSI 20/11/2021 (Shift-I)**<br>**UPSI 25/11/2021 (Shift-I)** |
| अरे! साँप कहाँ गया? इस वाक्य में प्रयुक्त क्रिया विशेषण 'कहाँ' है– **साधारण क्रिया विशेषण** | **SSC GD Constable 10-01-2023 (5:15-6:15)** |
| सीता यहाँ आ रही है। दिए गए वाक्य में विशेषण है– **स्थानवाचक क्रियाविशेषण** | **SSC GD Constable 13-01-2023 (2.30-3.30)** |